रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड I सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

RRB TECHNICIAN GRADE III 2026

Technician Grade III | CEN 02/2026

HINDI ANSWER KEY

Official Answer Key

All 10 Shifts · 06-10-2026 to 09-10-2026

Questions	100
Marking	+1 correct / -1/3 wrong
Duration	90 minutes
Sections	Maths 25 · Reasoning 25 · General Science 40 · GA 10

Every paper here is the official RRB response sheet with the correct answer marked.

HOW TO USE THIS BOOK

1. Open the INDEX on the next page.
2. Click any row to jump straight to that date and shift.
3. Correct options are ticked in green, wrong ones crossed in red.
4. Use the bookmarks panel of your PDF reader to move between shifts.

Check your marks, normalized score and zone-wise rank free at
rank.qmaths.in

Blackbook

Score & Rank Calculator · rank.qmaths.in

Compiled 15 October 2026

INDEX · Click any row to open that paper

RRB Technician Grade III 2026 (Hindi) · 10 shifts

DAY	DATE	SHIFT	TIME	PAGE
Day 1	**06-10-2026**	Shift 1	09:00 - 10:30	3
Day 1	**06-10-2026**	Shift 2	12:45 - 14:15	19
Day 1	**06-10-2026**	Shift 3	16:30 - 18:00	35
Day 2	**07-10-2026**	Shift 1	09:00 - 10:30	51
Day 2	**07-10-2026**	Shift 2	12:45 - 14:15	67
Day 2	**07-10-2026**	Shift 3	16:30 - 18:00	83
Day 3	**08-10-2026**	Shift 1	09:00 - 10:30	99
Day 3	**08-10-2026**	Shift 2	12:45 - 14:15	115
Day 3	**08-10-2026**	Shift 3	16:30 - 18:00	131
Day 4	**09-10-2026**	Shift 1	09:00 - 10:30	147

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड I सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III

CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

Test Date	06/10/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**

Correct Answer will carry 1 mark per Question.

Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 यदि k का 20%, 10 के 3000% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 1490

✓ B. 1450

✗ C. 1410

✗ D. 1430

Q.2 1152 m की वृत्तीय रेस में, अमित 36 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है और सुमित 72 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि वे एक ही दिशा में दौड़ रहे हैं, तो परिधि पर कितने अलग-अलग मिलन बिंदु (meeting points) होंगे?

Ans

✗ A. 2

✗ B. 11

✓ C. 1

✗ D. 8

Q.3 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{2 + \tan^2\theta + \cot^2\theta}{\sec\theta \operatorname{cosec}\theta}$$

Ans

✗ A. sin θ cos θ

✗ B. sin θ + cos θ

✗ C. sec θ + cosec θ

✓ D. sec θ cosec θ

Q.4 किसी बंटन के लिए, आनुभविक संबंध (empirical relation), बहुलक = 3×माध्यिका − 2×माध्य है। यदि माध्य और माध्यिका, 20 ≤ माध्य ≤ 25 और 20 ≤ माध्यिका ≤ 25, को संतुष्ट करते हैं, तो बहुलक का संभावित परिसर ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 10 ≤ बहुलक ≤ 35

✗ B. 10 ≤ बहुलक ≤ 30

✗ C. 20 ≤ बहुलक ≤ 30

✗ D. 25 ≤ बहुलक ≤ 40

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.5 16 और 12.25 के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 14
- ✘ B. 13.5
- ✘ C. 14.75
- ✘ D. 14.5

Q.6 एक ठोस गोले को पिघलाकर 343 एकसमान छोटे गोलों में ढाला जाता है, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 1 cm है। मूल गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 7 cm
- ✘ B. 6 cm
- ✘ C. 8 cm
- ✘ D. 9 cm

Q.7 G और H ने ₹7000 और ₹9000 के निवेश के साथ एक व्यवसाय शुरू किया। 4 महीने पश्चात, G ने ₹2000 और H ने ₹3000 निकाल लिए। यदि वर्ष के अंत में ₹3800 लाभ प्राप्त होता है, तो G को कितनी राशि प्राप्त होगी?

Ans
- ✘ A. ₹1980
- ✔ B. ₹1700
- ✘ C. ₹1900
- ✘ D. ₹1678

Q.8 यदि किसी वर्ग की भुजा (10x - 6) cm है, तो वर्ग का क्षेत्रफल (cm^2 में) कितना है?

Ans
- ✘ A. $100x^2 - 120x - 36$
- ✔ B. $100x^2 - 120x + 36$
- ✘ C. $100x^2 + 60x - 36$
- ✘ D. $100x^2 + 60x + 36$

Q.9 तीन दोस्त - अर्जुन, कबीर, और नेहा एक बाड़ को क्रमशः 12 घंटे, 6 घंटे, और 4 घंटे में पेंट कर सकते हैं। यदि वे साथ मिलकर काम करें, तो उन्हें बाड़ पेंट करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✔ A. 2 घंटे
- ✘ B. 3 घंटे
- ✘ C. 1 घंटा
- ✘ D. 4 घंटे

Q.10 ₹6300 की राशि पर 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से, 2 वर्ष में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans
- ✘ A. ₹8675
- ✘ B. ₹8769
- ✘ C. ₹8564
- ✔ D. ₹9072

Q.11 1 से 30 तक की कितनी संख्याएं 30 के साथ सह-अभाज्य हैं?

Ans
- ✘ A. 10
- ✔ B. 8
- ✘ C. 12
- ✘ D. 6

Q.12 राम ₹2,850 में एक घड़ी खरीदता है और उसे 5% लाभ पर बेच देता है। घड़ी का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹2,982.70
- ✘ B. ₹2,938.80
- ✘ C. ₹2,924.60
- ✔ D. ₹2,992.50

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.13 सीमा स्कूटर द्वारा $\frac{25}{3}$ m/s की चाल से अपने कार्यालय जाती है और 0.1 घंटा पूर्व पहुंच जाती है। यदि वह 24 Km/hr की चाल से जाती है, तो उसे कार्यालय पहुंचने में 5 मिनट का विलंब होता है। उसके कार्यालय की दूरी (km में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 22
- ✗ B. 24
- ✗ C. 26
- ✗ D. 20

Q.14 एक धनराशि 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए निवेश की जाती है, जहाँ ब्याज अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यदि केवल अंतिम छमाही में अर्जित ब्याज ₹5,324 है, तो मूलधन कितना था?

Ans
- ✗ A. ₹55,000
- ✗ B. ₹50,000
- ✔ C. ₹40,000
- ✗ D. ₹45,000

Q.15 किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹5,000 है। दुकानदार अंकित मूल्य पर 10% और x% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। यदि अंकित मूल्य और अंतिम विक्रय मूल्य का अनुपात 25 : 19 है, तो x का मान कितना होगा? (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 18
- ✔ C. 16
- ✗ D. 14

Q.16 एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 6% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 4 वर्ष के लिए निवेश करता है। 4 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 13800
- ✗ B. 14800
- ✔ C. 71300
- ✗ D. 72300

Q.17 किसी आयत में, एक विकर्ण उसकी एक भुजा पर 35° के कोण पर आनत है। इसके दोनों विकर्णों के बीच के न्यून कोण की माप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 35°
- ✔ B. 70°
- ✗ C. 63°
- ✗ D. 55°

Q.18 किसी वस्तु के क्रय मूल्य में 10% की वृद्धि होती है, और दुकानदार वस्तु को बेचकर इस बढ़े हुए क्रय मूल्य पर 15% का लाभ अर्जित करता है। यदि मूल क्रय मूल्य ₹400 था, तो नया विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 506
- ✗ B. 512
- ✗ C. 482
- ✗ D. 498

Q.19 आज से नौ वर्ष पूर्व, आकाश की आयु प्रकाश की आयु की 9 गुना थी। आज से 9 वर्ष पश्चात उसकी आयु, उस समय प्रकाश की आयु की 3 गुना होगी। आकाश की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 66
- ✔ B. 63
- ✗ C. 64
- ✗ D. 62

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.20 एक परीक्षा में, वर्ग A के 16 विद्यार्थियों (50 में से) के प्राप्तांक 33, 41, 56, 51, 53, 46, 49, 41, 45, 56, 51, 49, 46, 41, 53, 33 हैं और वर्ग B के 13 विद्यार्थियों (50 में से) के प्राप्तांक 47, 54, 42, 50, 47, 39, 42, 52, 56, 49, 54, 39, 47 हैं। वर्ग B और वर्ग A के बहुलक के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 6
- ✘ B. 10
- ✘ C. 7
- ✘ D. 5

Q.21 7 अंकों की संख्या 5A931B6, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम संभव मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 2
- ✘ B. 5
- ✔ C. 0
- ✘ D. 3

Q.22 दो इनलेट पाइप A और B एक कुंड को क्रमशः 20 घंटे और 15 घंटे में भर सकते हैं। आउटलेट के रूप में कार्य करने वाला एक तीसरा पाइप C, पूर्ण रूप से भरे कुंड को 30 घंटे में खाली कर सकता है। तीनों पाइपों को खाली कुंड में एक साथ खोल दिया जाता है। 4 घंटे बाद, पाइप B बंद कर दिया जाता है। उसके 2 घंटे बाद, पाइप A को भी बंद कर दिया जाता है, जबकि पाइप C कुंड खाली होने तक अकेले ही चालू रहता है। वह अवधि ज्ञात कीजिए जब तक पाइप C अकेले चालू रहता है।

Ans
- ✘ A. 13 घंटे
- ✘ B. 12 घंटे
- ✔ C. 11 घंटे
- ✘ D. 10 घंटे

Q.23 मार्च महीने में शनिवार और रविवार को छोड़कर, एक डीलर द्वारा प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 125 है। रविवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 100 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 175 है, तो शनिवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री कितनी होगी?

Ans
- ✘ A. 451
- ✘ B. 457
- ✘ C. 456
- ✔ D. 455

Q.24 माना कि C और D क्रमशः 16 cm और 9 cm त्रिज्या वाले दो वृत्तों के केंद्र हैं, और केंद्रों के बीच की दूरी 25 cm है। उभयनिष्ठ अनुस्पर्श रेखा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 23 cm
- ✔ B. 24 cm
- ✘ C. 26 cm
- ✘ D. 25 cm

Q.25 यदि θ प्रथम चतुर्थांश में स्थित है और $\sec^2\theta + \cos^2\theta = 2$ है, तो $\dfrac{14\cos\theta}{5\cos^2\theta - 3\cos\theta + 5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 2
- ✘ B. −1
- ✘ C. 8
- ✘ D. 0

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Blackbook

Q.26 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, IEDZ का संबंध VRQM से है। उसी तरह, ZVUQ का संबंध MIHD से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, OKJF निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✔ A. BXWS
- ✗ B. BWVS
- ✗ C. BXVS
- ✗ D. BYVC

Q.27 यदि संख्या 9236478 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और इसके प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं से तीसरा होगा?

Ans
- ✔ A. 2
- ✗ B. 8
- ✗ C. 7
- ✗ D. 3

Q.28 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन आते हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर तय कीजिए।

प्रश्न:
पाँच मित्र – गौतम, हिरल, इवान, जीविका और केशव – अलग-अलग आयु के हैं। सबसे छोटा कौन है?

कथन:
(I) गौतम, हिरल से बड़ा है लेकिन जीविका से छोटा है।
(II) हिरल, इवान से बड़ा है, और केशव, गौतम से बड़ा है।

Ans
- ✗ A. कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** हैं।
- ✔ C. कथन I और II दोनों (और अकेले कथन I या कथन II नहीं) मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
- ✗ D. कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।

Q.29 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) V W I O K U Y H B R F V D X W Z L O Y N K H V N (दाएं)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✗ C. तीन
- ✔ D. एक

Q.30 KNIFERS शब्द के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार निर्मित नए अक्षर-समूह में, बाएं से दूसरे अक्षर और दाएं से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. 8
- ✔ B. 7
- ✗ C. 6
- ✗ D. 10

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.31 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 खंभों W, O, K, G और Y में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, किस खंभे की लंबाई सबसे कम है?

कथन:
I. Y की लंबाई केवल दो खंभों की लंबाई से अधिक है। G की लंबाई, Y की लंबाई से अधिक है लेकिन K की लंबाई से कम है।
II. W की लंबाई, O की लंबाई से अधिक है।

Ans
- ✗ A. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन II में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं हैं।
- ✓ C. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं।
- ✗ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन I में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Q.32 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

2 ÷ 3 + 15 × 5 − 19 = ?

Ans
- ✗ A. 27
- ✗ B. 23
- ✓ C. 22
- ✗ D. 25

Q.33 यदि GARDEN शब्द के अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला के उल्टे क्रम में व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो कितने अक्षर मूल शब्द के समान उसी स्थान पर रहते हैं?

Ans
- ✓ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.34 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक	$	5	@	8	+	3	%	1	^	6
कूट	F	I	L	O	R	U	X	Z	C	E

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के लिए कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को A के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित संख्या-प्रतीक समूह के लिए कूट क्या है?
5 % ^ 6 8

Ans
- ✗ A. I X X E O
- ✗ B. O X C E I
- ✓ C. A X C E A
- ✗ D. A X C A E

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.35 किसी निश्चित तर्क के अनुसार, 18 का संबंध 112 से है। उसी तर्क के अनुसार, 13 का संबंध 82 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 16 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✔ A. 100
✗ B. 125
✗ C. 172
✗ D. 74

Q.36 मनोज बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 14 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़कर 12 km ड्राइव करता है, फिर से दाएँ मुड़कर 17 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़कर 21 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़कर 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans
✗ A. 10 km दक्षिण की ओर
✗ B. 10 km उत्तर की ओर
✗ C. 9 km उत्तर की ओर
✔ D. 9 km दक्षिण की ओर

Q.37 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) F & I Y @ J Y C * A # & K S P $ B M (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद एक व्यंजन भी है?

Ans
✗ A. दो
✔ B. एक
✗ C. तीन
✗ D. एक भी नहीं

Q.38 सात व्यक्ति C, F, G, M, N, Q और X उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। F के बाईं ओर एक भी व्यक्ति नहीं बैठा है। F और C के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। N के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, M के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। G, N का निकटतम पड़ोसी नहीं है। N के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ A. 4
✔ B. 3
✗ C. 2
✗ D. 1

Q.39 सात बक्से M, N, O, P, S, T और U एक-दूसरे के ऊपर रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे हों।
U के नीचे केवल दो बक्से रखे गए हैं। M के ऊपर केवल एक बक्सा रखा गया है। M और N के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। S को P के ठीक ऊपर रखा गया है। T को O के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है।
O और S के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
✗ A. तीन
✗ B. दो
✔ C. चार
✗ D. एक

Q.40 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BOTH' को '9754' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'OATH' को '7294' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ A. 5
✔ B. 2
✗ C. 9
✗ D. 4

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.41 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित शृंखला में ? के स्थान पर क्या आएगा?
BDF, EGI, HJL, KMO, ?

Ans
✔ A. NPR
✘ B. OPS
✘ C. MQO
✘ D. NQS

Q.42 एक निश्चित कूट भाषा में, 'drum soup tap' को 'yw dd xx' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'soup chin visit' को 'yg xy dd' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'soup' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
✘ A. yw
✘ B. yg
✔ C. dd
✘ D. xx

Q.43 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

3 14 59 240 965 ?

Ans
✘ A. 3976
✘ B. 3444
✔ C. 3866
✘ D. 4110

Q.44 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
14 B 2 D 10 A 5 C 12 = ?

Ans
✘ A. 40
✘ B. 36
✘ C. 39
✔ D. 38

Q.45 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ A. KL - OP
✔ B. WX - YZ
✘ C. ST - WX
✘ D. MN - QR

Q.46 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G को एक के ऊपर एक रखा गया है, परंतु उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। F के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। F और D के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। B के ऊपर केवल A को रखा गया है। E को G के नीचे किसी स्थान पर और C के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। E के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✘ A. 3
✘ B. 1
✘ C. 2
✔ D. 4

Q.47 C, T का पिता है। T, N का भाई है। M, X का पिता है। X, N का पुत्र है। M का C से क्या संबंध है?

Ans
✘ A. पति
✘ B. पत्नी का भाई
✘ C. बहन का पति
✔ D. पुत्री का पति

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.48 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
LOR−QTW
ORU−TWZ

Ans
A. NPR−SVY
B. NQT−SVY
C. NQT−RVX
D. NPR−RUX

Q.49 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
A. NLH
B. BZV
C. WVQ
D. ZXT

Q.50 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

15 24 31 40 47 56 ?

Ans
A. 73
B. 65
C. 63
D. 75

Section : **General Science**

Q.51 एक निश्चित मात्रा वाले विलायक में अधिक विलेय मिलाने पर विलयन की सांद्रता में क्या परिवर्तन होता है?

Ans
A. सांद्रता बढ़ जाती है क्योंकि विलायक के समान आयतन में अधिक विलेय उपस्थित होता है।
B. सांद्रता घट जाती है क्योंकि विलायक की मात्रा अपरिवर्ती रहती है।
C. अधिक विलेय मिलाने पर विलयन कम संतृप्त हो जाता है।
D. सांद्रता समान बनी रहती है क्योंकि विलायक में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

Q.52 अमीबा में पोषण किस प्रकार होता है?

Ans
A. प्रकाश संश्लेषण द्वारा भोजन उत्पादन करता है
B. भोजन परिग्रहण करता है और खाद्य धानी का निर्माण करता है
C. झिल्ली के छिद्रों के माध्यम से भोजन अवशोषित करता है
D. शरीर के बाहर भोजन का पाचन करता है

Q.53 कोई साइकिल चालक विरामावस्था से चलना शुरू करता है और नियत बल के साथ पैडल मारता है, जिससे उसका वेग अपरिवर्ती दर से बढ़ता है। 5 सेकंड के बाद, कौन-सी विशेषता, इस गति के लिए संगत वेग-समय ग्राफ का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करेगी?

Ans
A. मूल बिन्दु से प्रारंभ होकर ऊपर की ओर ढलान वाली एक सरल रेखा
B. मूल बिन्दु से नीचे की ओर ढलान वाली एक सरल रेखा
C. समय अक्ष के समानांतर एक क्षैतिज रेखा
D. मूल बिन्दु से ऊपर की ओर बढ़ने वाली एक वक्र रेखा

Q.54 निम्नलिखित में से कौन-सी प्राकृतिक परिघटना, सूर्य के प्रकाश का उसके अवयवी वर्णों में विक्षेपण (dispersion) को दर्शाती है, जो कांच के प्रिज्म द्वारा उत्पन्न प्रभाव के समान है?

Ans
A. तारों का टिमटिमाना (Twinkling)
B. प्रभामंडल (Halo)
C. इंद्रधनुष (Rainbow)
D. मरीचिका (Mirage)

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.55 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प बेंजीन की आणविक संरचना का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

Ans
- ✔ A. एक षट्कोणीय वलय जिसमें वैकल्पिक कार्बन द्विबंध होते हैं
- ✘ B. अनियमित सहसंयोजक बंध दिखाने वाली एक अव्यवस्थित कार्बन श्रृंखला
- ✘ C. केवल तीन कार्बन परमाणुओं से बनी एक रैखिक हाइड्रोकार्बन श्रृंखला
- ✘ D. एक संतृप्त खुली श्रृंखला वाला यौगिक जिसमें एक पंक्ति में चार कार्बन परमाणु होते हैं

Q.56 एक जीवविज्ञानी एक ऐसे कशेरुकी की खोज करता है जिसमें क्लोम (gills), पख (fins) और शल्क (scales) होते हैं और जल में प्रजनन करता है। यह किस कशेरुकी समूह से संबंधित है?

Ans
- ✘ A. उभयचर (Amphibian)
- ✔ B. मछली (Fish)
- ✘ C. स्तनधारी (Mammal)
- ✘ D. सरीसृप (Reptile)

Q.57 एक ब्लॉक P को एक ऐसे बड़े ब्लॉक Q के ऊपर रखा गया है, जो कि प्रारंभ में एक चिकनी क्षैतिज सतह पर विरामावस्था में है। ब्लॉक Q को अचानक क्षैतिज रूप से खींचा जाता है, जिससे P, Q के सापेक्ष पीछे की ओर फिसलता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस प्रेक्षण की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

Ans
- ✘ A. ब्लॉक P एक पश्चगामी बल का अनुभव करता है जो इसे ब्लॉक Q से दूर धकेलता है।
- ✘ B. ब्लॉक Q के आगे की ओर त्वरित होने के कारण ब्लॉक P अतिरिक्त जड़त्व प्राप्त कर लेता है।
- ✘ C. ब्लॉक P पीछे की ओर फिसलता है क्योंकि गुरुत्वाकर्षण गति के विपरीत कार्य करता है।
- ✔ D. ब्लॉक P, जड़त्व के कारण विराम अवस्था में बना रहता है जबकि ब्लॉक Q आगे की ओर गति करता है।

Q.58 20 kg द्रव्यमान की एक गाड़ी, विरामावस्था से चलना शुरू करती है और एक सीधे क्षैतिज पथ पर एकसमान रूप से त्वरित होती है। यदि वह 3 सेकंड में 6 m/s की चाल प्राप्त कर लेती है, तो इस समय अंतराल में गाड़ी पर किया गया कार्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 120 J
- ✔ B. 360 J
- ✘ C. 720 J
- ✘ D. 180 J

Q.59 कार्बन का कौन-सा अपररूप अपनी संरचना के कारण विद्युत का चालन करता है?

Ans
- ✔ A. ग्रेफाइट
- ✘ B. हीरा
- ✘ C. फुलेरीन
- ✘ D. चारकोल

Q.60 क्षारक, जलीय विलयन में आयनों की सांद्रता को किस प्रकार प्रभावित करते हैं?

Ans
- ✘ A. वे हाइड्रोनियम आयन सांद्रता को बढ़ाते हैं
- ✘ B. वे सोडियम आयन सांद्रता को कम करते हैं
- ✘ C. वे हाइड्रॉक्साइड आयन सांद्रता को कम करते हैं
- ✔ D. वे हाइड्रॉक्साइड आयन सांद्रता को बढ़ाते हैं

Q.61 पृथ्वी के परितः ग्रहीय पवनें भूमध्य रेखा और ध्रुवों के बीच विशिष्ट पवन पट्टियां बनाती हैं, इसका मुख्य कारण क्या है?

Ans
- ✘ A. प्रायः ज्वालामुखीय उद्गार जिससे वायु की गति में परिवर्तन होता है
- ✘ B. वायुमंडल के प्रभाव से अप्रभावित महासागरीय धाराएँ
- ✔ C. असमान सौर तापन और पृथ्वी का घूर्णन
- ✘ D. मुख्य रूप से शहरों के दैनिक तापमान में परिवर्तन

Q.62 नर जनन तंत्र में शुक्रवाहिका का मुख्य कार्य निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
- ✘ A. शुक्राणुओं को पोषण प्रदान करना
- ✔ B. शुक्राणुओं का परिवहन करना
- ✘ C. शुक्राणु उत्पन्न करना
- ✘ D. टेस्टोस्टेरोन का स्राव करना

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.63 एक तैराक, स्ट्रोक के दौरान अपने हाथों से जल को पीछे की ओर धकेलता है और आगे की ओर बढ़ता है। यदि तैराक जल पर 60 N का बल लगाता है, तो जल द्वारा तैराक पर कितना बल लगाया जाता है?

Ans
- ✗ A. 60 N पीछे की ओर
- ✗ B. 30 N आगे की ओर
- ✗ C. 120 N पीछे की ओर
- ✓ D. 60 N आगे की ओर

Q.64 भिन्न-भिन्न क्वथनांक वाले दो मिश्रणीय द्रवों के मिश्रण को पृथक करने के लिए सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. निस्यंदन
- ✗ B. निस्तारण
- ✓ C. प्रभाजी आसवन
- ✗ D. चुंबकीय पृथक्करण

Q.65 $2\ \Omega$ और $8\ \Omega$ प्रतिरोध वाले दो प्रतिरोधक समानांतर क्रम में संयोजित हैं। संयोजन का तुल्य प्रतिरोध (R_{eq}) कितना होगा?

Ans
- ✗ A. $5.0\ \Omega$
- ✗ B. $10.0\ \Omega$
- ✗ C. $16.0\ \Omega$
- ✓ D. $1.6\ \Omega$

Q.66 किस अणु में त्रि-सहसंयोजी आबंध होता है?

Ans
- ✗ A. जल (H_2O)
- ✓ B. नाइट्रोजन गैस (N_2)
- ✗ C. आक्सीजन गैस (O_2)
- ✗ D. कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2)

Q.67 यदि धावन सोडे (washing soda) को आर्द्र वातावरण में खुला छोड़ दिया जाए, तो क्या होगा?

Ans
- ✗ A. धावन सोडा बारीक शुष्क पाउडर में बदल जाएगा
- ✓ B. धावन सोडा नमी को अवशोषित कर लेगा और चिपचिपा पिंड बन जाएगा
- ✗ C. धावन सोडा वायु में अपरिवर्तित रहेगा
- ✗ D. धावन सोडा तीखी गंध वाली गैस मुक्त करेगा

Q.68 किसी रोगी को फुफ्फुस विकार है जिससे वायुकोष में ऑक्सीजन अंतर्ग्रहण कम हो जाता है। फुफ्फुस में रक्त परिवहन पर इसका सबसे संभावित प्रभाव क्या है?

Ans
- ✓ A. फुफ्फुस शिराओं में रक्त में कम ऑक्सीजन प्रवेश करती है
- ✗ B. फुफ्फुस धमनी सामान्य से अधिक ऑक्सीजन वहन करती है
- ✗ C. फुफ्फुस शिराओं में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड संचयित हो जाता है
- ✗ D. ऑक्सीजन अंतर्ग्रहण बढ़ाने के लिए रक्त प्रवाह तेज हो जाता है

Q.69 न्यूरॉन का कौन-सा भाग, अन्य न्यूरॉन से संकेत प्राप्त करता है?

Ans
- ✗ A. तंत्रिकाय (Cyton)
- ✓ B. डेंड्राइट (Dendrite)
- ✗ C. तंत्रिकाक्ष (Axon)
- ✗ D. कोशिका पिंड (Cell Body)

Q.70 यदि आवृत्ति को अपरिवर्ती रखा जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सी राशि ध्वनि की चाल के अनुक्रमानुपाती होती है?

Ans
- ✓ A. तरंगदैर्ध्य
- ✗ B. आयाम
- ✗ C. आवृत्ति
- ✗ D. प्रबलता

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.71 कोई रेलगाड़ी विरामावस्था से चलना प्रारंभ करती है और एकसमान त्वरण के साथ 10 सेकंड में 40 m/s का वेग प्राप्त कर लेती है। इस समय अंतराल में वह कितनी दूरी तय करती है?

Ans
- ✗ A. 250 m
- ✗ B. 400 m
- ✓ C. 200 m
- ✗ D. 100 m

Q.72 एक तानित रबर बैंड में उसकी बदली हुई आकृति के कारण कौन-सी ऊर्जा होती है?

Ans
- ✗ A. ऊष्मीय ऊर्जा
- ✗ B. गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा
- ✓ C. प्रत्यास्थ स्थितिज ऊर्जा
- ✗ D. ध्वनि ऊर्जा

Q.73 एक कार का चाल-समय ग्राफ, 0 s पर 0 m/s से 5 s पर 20 m/s तक बढ़ती हुई एक सीधी रेखा दर्शाता है, फिर 10 s तक 20 m/s से नियत रहता है, और अंत में 15 s पर 0 m/s तक गिर जाता है। कार द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी है?

Ans
- ✗ A. 75 m
- ✗ B. 100 m
- ✓ C. 200 m
- ✗ D. 150 m

Q.74 एक पादप मुख्य रूप से जल में उगता है और उसका शरीर वास्तविक जड़ों, तनों और पत्तियों में विभेदित नहीं होता है। यह किस समूह से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. जिम्नोस्पर्म
- ✗ B. टेरिडोफाइटा
- ✗ C. ब्रायोफाइटा
- ✓ D. थैलोफाइटा

Q.75 किसी रोगी के वे ऊतक क्षतिग्रस्त हो गए है, जो शरीर को आधार प्रदान करते हैं और जोड़कर रखते हैं, लेकिन उसकी पेशियां और तंत्रिकाएं प्रभावित नहीं हैं। संरचनात्मक आधार को पुनर्स्थापित करने के लिए किस प्रकार के ऊतक की मरम्मत करने की आवश्यकता है?

Ans
- ✗ A. उपकला ऊतक
- ✗ B. तंत्रिका ऊतक
- ✗ C. पेशी ऊतक
- ✓ D. संयोजी ऊतक

Q.76 एक विद्यार्थी दावा करता है, कि यदि किसी ध्वनि तरंग का आवर्तकाल 0.01 s है, तो उसकी आवृत्ति 0.005 s आवर्तकाल वाली तरंग की आवृत्ति से कम होनी चाहिए। क्या आवृत्ति और आवर्तकाल के संबंध के आधार पर यह कथन सही है?

Ans
- ✗ A. नहीं, आवृत्ति समान बनी रहती है।
- ✗ B. नहीं, क्योंकि आवर्तकाल बढ़ने पर आवृत्ति बढ़ती है।
- ✓ C. हां, क्योंकि आवर्तकाल बढ़ने पर आवृत्ति घटती है।
- ✗ D. नहीं, आवृत्ति और आवर्तकाल के बीच कोई संबंध नहीं है।

Q.77 परागण के बाद भी, निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति किसी पुष्पी पादप में बीज निर्माण को रोक देगी?

Ans
- ✗ A. पर्ण कोशिका में पर्णहरित उत्पादन का अभाव
- ✗ B. दलों में वर्णक निर्माण की अनुपस्थिति
- ✗ C. पुष्प द्वारा मकरंद का अत्यधिक उत्पादन
- ✓ D. निषेचन के दौरान युग्मक संलयन में विफलता

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.78 ऑक्सीजन चक्र में कौन-सी प्रक्रिया, वायुमंडल में प्रत्यक्ष रूप से ऑक्सीजन जोड़ती है?

Ans
- ✗ A. श्वसन
- ✗ B. अपघटन
- ✓ C. प्रकाश संश्लेषण
- ✗ D. दहन

Q.79 एक अवतल दर्पण उस बिंब का वास्तविक प्रतिबिंब बनाता है जिसे दर्पण से 30 cm की दूरी पर रखा गया है। दर्पण का वक्रता केंद्र, ध्रुव से 40 cm पर है। प्रतिबिंब कहाँ बनेगा?

Ans
- ✓ A. - 60 cm
- ✗ B. - 12 cm
- ✗ C. + 60 cm
- ✗ D. + 12 cm

Q.80 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, द्रव्यमान संरक्षण के नियम का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. रासायनिक अभिक्रिया के दौरान पदार्थों का द्रव्यमान तापमान पर निर्भर करता है।
- ✗ B. रासायनिक अभिक्रिया के दौरान पदार्थों के द्रव्यमान में सदैव कमी होती है।
- ✗ C. रासायनिक अभिक्रिया के दौरान पदार्थों के द्रव्यमान में सदैव वृद्धि होती है।
- ✓ D. रासायनिक अभिक्रिया के दौरान पदार्थों का कुल द्रव्यमान अपरिवर्तित रहता है।

Q.81 निम्नलिखित में से कौन-सा अवलोकन इस बात की पुष्टि करता है कि जब हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, कैल्शियम कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है तो कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न होती है?

Ans
- ✓ A. चूने के पानी को दूधिया बना देने वाली गैस विमोचित होती है
- ✗ B. विलयन में गैस के बुलबुले दिखाई देते हैं
- ✗ C. एक रंगहीन गैस क्षिप्र रूप से विमोचित होती है
- ✗ D. अभिक्रिया के दौरान तापमान में वृद्धि महसूस की जाती है

Q.82 मनुष्यों में रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए मुख्य रूप से कौन-सा हार्मोन उत्तरदायी होता है?

Ans
- ✗ A. वृद्धि हॉर्मोन
- ✓ B. इंसुलिन
- ✗ C. एड्रिनेलिन
- ✗ D. थाइरॉक्सिन

Q.83 एक अधातु कक्ष ताप पर ठोस अवस्था में पाई जाती है, द्युतिमय होती है और तापन पर ऊर्ध्वपातन करती है। कौन-सी अधातु, भौतिक गुणों का यह असामान्य संयोजन दर्शाती है?

Ans
- ✗ A. फॉस्फोरस
- ✗ B. सल्फर
- ✗ C. कार्बन
- ✓ D. आयोडीन

Q.84 पहाड़ी ढलानों पर शीतलन की दर, रात्रि में स्थानीय पवनों के निर्माण को किस प्रकार प्रभावित करती है?

Ans
- ✓ A. ढलानों पर तीव्र शीतलन से सघन वायु का निर्माण होता है जो घाटी में प्रवाहित होती है
- ✗ B. मंद शीतलन के कारण गर्म वायु पहाड़ी ढलानों पर ऊपर उठती है
- ✗ C. तीव्र शीतलन के कारण वायु घाटी से ऊपर की ओर उठती है
- ✗ D. ढलानों पर मंद शीतलन से वायु पहाड़ के ऊपर स्थिर रहती है

Q.85 जंतुओं में ऑक्सी और अनॉक्सी श्वसन के बीच मुख्य अंतर क्या है?

Ans
- ✗ A. ऑक्सी श्वसन से जंतुओं में लैक्टिक अम्ल का निर्माण होता है
- ✗ B. अनॉक्सी श्वसन से अधिक ऊर्जा मुक्त होती है
- ✓ C. अनॉक्सी श्वसन ऑक्सीजन के बिना होता है
- ✗ D. ऑक्सी श्वसन ग्लूकोज के बिना होता है

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**

GET IT ON Google Play

Q.86 **एक नए समस्थानिक में 20 प्रोटॉन, 22 न्यूट्रॉन और 20 इलेक्ट्रॉन हैं। समान तत्व के अन्य समस्थानिकों की तुलना में इसकी द्रव्यमान संख्या इसके रासायनिक व्यवहार को किस प्रकार प्रभावित करती है?**

Ans
- ✗ A. एक भिन्न द्रव्यमान संख्या, इलेक्ट्रॉनों के विन्यास को परिवर्तित कर देती है, जिससे रासायनिक व्यवहार बदल जाता है
- ✓ B. द्रव्यमान संख्या, रासायनिक व्यवहार को प्रभावित नहीं करती है क्योंकि रासायनिक गुणधर्म मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनों की संख्या पर निर्भर करते हैं
- ✗ C. उच्च द्रव्यमान संख्या सदैव समस्थानिक को समान तत्व के अन्य समस्थानिकों की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील बनाती है
- ✗ D. द्रव्यमान संख्या, इलेक्ट्रॉनों की संख्या निर्धारित करती है, इसलिए समस्थानिक रासायनिक रूप से भिन्न व्यवहार करते हैं

Q.87 **निम्नलिखित में से कौन-सा स्पष्टीकरण सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है कि 'Sn' टिन का सही प्रतीक क्यों है?**

Ans
- ✗ A. इसे टिन की अंग्रेजी वर्तनी के आधार पर चुना गया है
- ✗ B. पुनरावृत्ति से बचने के लिए इसे यादृच्छिक रूप से आवंटित किया गया है
- ✓ C. यह लैटिन नाम 'Stannum' से लिया गया है
- ✗ D. यह टाइटेनियम के प्रतीक के समान है

Q.88 **निम्नलिखित में से किस स्थिति में स्थितिज ऊर्जा में वृद्धि होती है?**

Ans
- ✗ A. एक पुस्तक को जल में रखना
- ✗ B. एक पुस्तक को टेबल पर सरकाना
- ✓ C. एक पुस्तक को उठाकर ऊंचे शेल्फ पर रखना
- ✗ D.
एक पुस्तक को फर्श पर गिराना

Q.89 **एक शिक्षक दो सांगीतिक स्वर बजाता है: स्वर X की आवृत्ति 400 Hz है, और स्वर Y की आवृत्ति 800 Hz है। इनके तारत्व (pitch) के संबंध में कौन-सा कथन सही है?**

Ans
- ✗ A. तारत्व, आवृत्ति से संबंधित नहीं है
- ✗ B. स्वर X का तारत्व स्वर Y से अधिक है
- ✗ C. दोनों स्वरों का तारत्व समान है
- ✓ D. स्वर Y का तारत्व स्वर X से अधिक है

Q.90 **किसी परमाणु के नाभिक में न्यूट्रॉन का योग होने पर इनमें से कौन-सा परिवर्तन देखा जाता है?**

Ans
- ✗ A. न्यूट्रॉनों का योग होने से परमाणु का आवेश परिवर्तित हो जाता है
- ✓ B. न्यूट्रॉनों का योग होने से द्रव्यमान संख्या बढ़ती है, लेकिन परमाणु क्रमांक नहीं बढ़ता है
- ✗ C. न्यूट्रॉनों का योग होने से परमाणु एक अलग तत्व में परिवर्तित हो जाता है
- ✗ D. न्यूट्रॉनों का योग होने से परमाणु क्रमांक बढ़ता है, लेकिन द्रव्यमान संख्या नहीं बढ़ती है

Section : **General Awareness**

Q.91 **केंद्रीय बजट 2026-27 में, रक्षा अनुसंधान और नवाचार को सुदृढ़ करने के लिए किस संगठन को ₹29,100.25 करोड़ का वर्धित बजट आवंटन प्राप्त हुआ है?**

Ans
- ✗ A. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)
- ✓ B. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)
- ✗ C. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
- ✗ D. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)

Q.92 **भारत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस, 2026 में कब मनाया गया था?**

Ans
- ✗ A. 23 जून
- ✓ B. 24 अप्रैल
- ✗ C. 22 मई
- ✗ D. 25 मार्च

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.93 जून 2026 में नई दिल्ली में विमोचित कौन-सी पुस्तक, भवाइया (Bhawaiya) के ऐतिहासिक विकासक्रम को व्यवस्थित रूप से रेखांकित करती है और इसके उद्भव एवं विकास पर एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है?

Ans
- ✔ A. संस्कृति रत्न भंडार: भौवैयार इतिब्रिटो" (Sanskritir Ratna Bhandar: Bhaowaiyar Itibritto)
- ✘ B. इकोज ऑफ असम: म्यूज़िकल हेरिटेज (Echoes of Assam: Musical Heritage)
- ✘ C. फेस्टिवल्स एंड फोकवेज ऑफ इंडिया (Festivals and Folkways of India)
- ✘ D. सॉन्ग्स ऑफ बंगाल: फोक ट्रेडिशन्स अनवील्ड (Songs of Bengal: Folk Traditions Unveiled)

Q.94 रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 8 जुलाई 2026 को चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) में लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट (LRGR) पिनाका का सफल उड़ान परीक्षण किया। रॉकेट का परीक्षण उपयोगकर्ता द्वारा निर्धारित न्यूनतम किस मारक क्षमता के लिए किया गया था?

Ans
- ✔ A. 60 km
- ✘ B. 20 km
- ✘ C. 250 km
- ✘ D. 300 km

Q.95 2026 में भारत के प्रधानमंत्री ने इंडोनेशिया की आधिकारिक यात्रा की, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना था। इस यात्रा के दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति निम्नलिखित में से कौन थे?

Ans
- ✔ A. प्राबोवो सुबियांतो (Prabowo Subianto)
- ✘ B. जोको विडोडो (Joko Widodo)
- ✘ C. अनवर इब्राहिम (Anwar Ibrahim)
- ✘ D. फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर (Ferdinand Marcos Jr.)

Q.96 मई 2026 में, WHO के किस पूर्व मुख्य वैज्ञानिक को रॉयल सोसाइटी का फेलो (Fellow of the Royal Society) चुना गया?

Ans
- ✘ A. इंदिरा हिंदुजा (Indira Hinduja)
- ✘ B. गगनदीप कांग (Gagandeep Kang)
- ✘ C. टेसी थॉमस (Tessy Thomas)
- ✔ D. सौम्या स्वामीनाथन (Soumya Swaminathan)

Q.97 2025 राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के अपडेट में एक नई पहल शामिल की गई थी, जिसके अंतर्गत दिसंबर 2025 तक सभी सरकारी स्कूलों के लिए निम्नलिखित में से किसे कार्यान्वित करना अनिवार्य किया गया था?

Ans
- ✘ A. राष्ट्रीय स्वास्थ्य डेटाबेस से लिंक किए गए डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड
- ✘ B. अनिवार्य खेल कार्यक्रम
- ✔ C. नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य शिक्षा सहित स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम (SHWP)
- ✘ D. स्वास्थ्य विज्ञान पर अनिवार्य AI पाठ्यचर्या

Q.98 मार्च 2026 में, परीक्षा की सत्यनिष्ठा पर निकाय के ध्यान केंद्रित करने के दौरान किस वरिष्ठ अधिकारी को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) का महानिदेशक नियुक्त किया गया?

Ans
- ✘ A. नागराजू मद्दिराला
- ✘ B. संजय जाजू
- ✘ C. चंचल कुमार
- ✔ D. अभिषेक सिंह

Q.99 अप्रैल 2026 में पारित, जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026, मुख्यत: निम्नलिखित में से किसे बढ़ावा देने का प्रयास करता है?

Ans
- ✔ A. व्यापार करने में सुगमता और जीवन यापन में सुगमता
- ✘ B.
न्यायिक सुधार और प्रशासनिक दक्षता
- ✘ C.
कर अनुपालन में सुगमता और डिजिटल शासन
- ✘ D.
वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.100 8 मार्च को मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की आधिकारिक थीम क्या है?

Ans

❌ A. महिलाओं में निवेश : प्रगति में तेजी लाना (Invest in Women: Accelerate Progress)

❌ B. डिजिटल समावेशन के माध्यम से लैंगिक समानता (Gender Equality Through Digital Inclusion)

❌ C. नेतृत्व में महिलाएं: अवरोधों को तोड़ना (Women in Leadership: Breaking Barriers)

✔ D. अधिकार और न्याय के साथ-साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाई (Rights. Justice. Action. For ALL Women and Girls)

"

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड I सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

Test Date	06/10/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 15, 20 और 25 का भारित माध्य ज्ञात कीजिए, जिनके भार क्रमशः 2, 3 और 5 हैं।

Ans
- ✗ A. 22
- ✗ B. 22.5
- ✗ C. 21
- ✓ D. 21.5

Q.2 ₹2,70,000 की राशि पर 8% वार्षिक ब्याज दर से चक्रवृद्धि ब्याज ₹70,122.24 है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। अवधि (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✗ C. 5
- ✓ D. 3

Q.3 किसी व्यक्ति ने ₹900 में एक स्वेटर बेचा जिससे उसे 4% की हानि हुई। उसने ₹860 में एक ट्राउजर भी बेचा जिससे उसे 25% का लाभ हुआ। उसका नेट लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹149.50
- ✗ B. ₹129.50
- ✗ C. ₹139.50
- ✓ D. ₹134.50

Q.4 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\sqrt{\frac{\sec^2\theta + \operatorname{cosec}^2\theta}{\tan^2\theta - \sin^2\theta}}$$

Ans
- ✗ A. $\cot^2\theta \operatorname{cosec}\theta$
- ✓ B. $\operatorname{cosec}^3\theta$
- ✗ C. $\tan^2\theta \sec\theta$
- ✗ D. $\cos\theta \operatorname{cosec}^2\theta$

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**
GET IT ON Google Play

Q.5 आनंद ₹600 में एक वस्तु खरीदता है और उसे चरण को 25% लाभ पर बेचता है। फिर चरण उसे राकेश को बेचता है, और आनंद को भुगतान की गई राशि पर 20% लाभ अर्जित करता है। राकेश, चरण को कितनी राशि का भुगतान करता है?

Ans
- ✗ A. ₹850
- ✓ B. ₹900
- ✗ C. ₹910
- ✗ D. ₹800

Q.6 तीन संख्याओं a, b और c का चतुर्थानुपाती 84 है। a और b का अनुपात 5 : 6 है तथा b और c का अनुपात 3 : 5 है। a का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 35
- ✗ B. 45
- ✗ C. 40
- ✗ D. 30

Q.7 माध्य , माध्यिका और बहुलक आनुभविक सम्बन्ध, बहुलक = 3 × माध्यिका – 2 × माध्य को संतुष्ट करते हैं। यदि माध्य में 5 की वृद्धि हो जाती है और माध्यिका अपरिवर्तित रहती है, तो नए बहुलक में_______________।

Ans
- ✓ A. 10 की कमी होती है
- ✗ B. 10 की वृद्धि होती है
- ✗ C. 5 की कमी होती है
- ✗ D. 5 की वृद्धि होती है

Q.8 एक व्यक्ति, ₹58000 की धनराशि को 6% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 2 वर्ष के लिए निवेश करता है। 2 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 7960
- ✓ B. 64960
- ✗ C. 65960
- ✗ D. 6960

Q.9 $\Delta\ ABC$ में, $DE||AC$ है, जहाँ D और E क्रमशः भुजा AB और BC पर स्थित बिंदु हैं। यदि $BD = 15$ cm और $AD = 4$ cm है, तो $\Delta\ BDE$ के क्षेत्रफल और समलंब $ADEC$ के क्षेत्रफल का अनुपात क्या है?

Ans
- ✓ A. 225 : 136
- ✗ B. 136 : 225
- ✗ C. 226 : 137
- ✗ D. 137 : 226

Q.10 यदि ₹5,000 की राशि को 8% वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए निवेश किया जाता है जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

Ans
- ✓ A. ₹832
- ✗ B. ₹837
- ✗ C. ₹924
- ✗ D. ₹ 780

Q.11 2214 m की एक वृत्तीय रेस में, सुशांत 54 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है और वरुण 82 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि वे एक ही दिशा में दौड़ रहे हैं, तो परिधि पर कितने भिन्न मिलन बिंदु (meeting points) होंगे?

Ans
- ✗ A. 18
- ✓ B. 14
- ✗ C. 5
- ✗ D. 6

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.12 यदि k का 20%, 20 के 2400% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2390
- ✓ B. 2350
- ✗ C. 2330
- ✗ D. 2310

Q.13 रोहन और मोहित की आयु का अनुपात 4 : 5 है। यदि मोहित, रोहन से 5 वर्ष बड़ा है, तो मोहित की आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 25 वर्ष
- ✗ B. 30 वर्ष
- ✗ C. 20 वर्ष
- ✗ D. 24 वर्ष

Q.14 सम 96-भुज (regular 96-gon) के प्रत्येक आंतरिक कोण की माप कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 176.75°
- ✗ B. 176.5°
- ✓ C. 176.25°
- ✗ D. 176°

Q.15 $\frac{x^4+x^2+1}{x^2+x+1}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✓ A. x^2-x+1
- ✗ B. x^2-x-1
- ✗ C. x^2+x-1
- ✗ D. $-x^2-x+1$

Q.16 एक "y खरीदें, (y – 3) मुफ़्त पाएँ" योजना में, ग्राहकों को प्राप्त होने वाली प्रभावी छूट 40% है। y का मान क्या है?

Ans
- ✗ A. 7
- ✓ B. 9
- ✗ C. 8
- ✗ D. 10

Q.17 एक समान दक्षता वाले 6 मजदूर का समूह किसी कार्य को 9 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि उनमें से केवल 3 मजदूर मिलकर काम करें तो समान कार्य को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 15 दिन
- ✗ B. 12 दिन
- ✓ C. 18 दिन
- ✗ D. 27 दिन

Q.18 मार्च के महीने में, शनिवार और रविवार के अतिरिक्त, एक विक्रेता द्वारा कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 191 है। रविवारों को कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 160 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 187 है, तो शनिवारों को कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री कितनी है?

Ans
- ✗ A. 186
- ✓ B. 191
- ✗ C. 193
- ✗ D. 196

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.19 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{3.6 \times 0.48 \times 2.50}{0.09 \times 0.24 \times 0.5}$$

Ans
- ❌ A. 4000
- ❌ B. 440
- ✔ C. 400
- ❌ D. 40

Q.20 अब से सात वर्ष पूर्व, अमन की आयु चमन की आयु की 5 गुना थी। अब से 7 वर्ष पश्चात उसकी आयु, उस समय चमन की आयु की 3 गुना होगी। अमन की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 77
- ❌ B. 79
- ❌ C. 78
- ❌ D. 81

Q.21 60 cm व्यास वाला एक बेलन बिना सर्पण के 7 चक्कर प्रति सेकंड की दर से लुढ़क रहा है। 15 सेकंड में यह बेलन कितनी दूरी तय करेगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

Ans
- ❌ A. 180 m
- ✔ B. 198 m
- ❌ C. 63 m
- ❌ D. 105 m

Q.22 एक नाव को धारा के विपरीत दिशा में एक निश्चित दूरी तय करने में 12 घंटे 36 मिनट का समय लगता है, जबकि धारा की दिशा में समान दूरी तय करने में उसे 4 घंटे 12 मिनट का समय लगता है। क्रमश: स्थिर जल में नाव की चाल और धारा की चाल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ❌ A. 7 : 3
- ❌ B. 3 : 1
- ❌ C. 5 : 2
- ✔ D. 2 : 1

Q.23 7 अंकों की संख्या A67856B, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम संभव मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ❌ A. 0
- ❌ B. 4
- ✔ C. 1
- ❌ D. 3

Q.24 अंकित, बृजेश और चारू को ₹2209 में एक कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है। अंकित और बृजेश मिलकर कार्य का $\frac{31}{47}$ भाग पूरा करते हैं तथा बृजेश और चारू मिलकर कार्य का $\frac{21}{47}$ भाग पूरा करते हैं। अंकित को कितनी धनराशि का भुगतान किया जाना चाहिए?

Ans
- ❌ A. ₹1692
- ✔ B. ₹1222
- ❌ C. ₹1316
- ❌ D. ₹282

Q.25 एक त्रिभुज की भुजाओं का अनुपात 13 : 14 : 15 है और इसका परिमाप 84 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ❌ A. 312 cm^2
- ❌ B. 342 cm^2
- ❌ C. 330 cm^2
- ✔ D. 336 cm^2

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.26 सात डिब्बे M, N, O, P, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। केवल Q को O के ऊपर रखा है। O और P के बीच केवल S रखा है। R के नीचे केवल M रखा है। N और M के बीच कितने डिब्बे रखे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✗ C. दो
- ✓ D. एक

Q.27 यदि BURDENS शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. 2
- ✓ B. 1
- ✗ C. 3
- ✗ D. 4

Q.28 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 स्तंभों, G, H, I, S और W में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा स्तंभ सबसे ऊंचा है?

(I) G केवल दो स्तंभों से ऊंचा है। H, W से ऊंचा है तथा किसी भी स्तंभ की ऊंचाई H और W के बीच नहीं है।
(II) S, W से ऊंचा है।

Ans
- ✓ A. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ B. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
- ✗ C. कथन I और II दोनों एक साथ (और केवल कथन I या कथन II अकेले नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
- ✗ D. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

Q.29 शब्द PLUMBER के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने स्वर हैं?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 0
- ✗ C. 1
- ✓ D. 2

Q.30 वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. KQV
- ✓ B. MSZ
- ✗ C. EKP
- ✗ D. QWB

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.31 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक % 6 1 + 8 $ ^ 3 = 5

कूट M P S V Y A D F I L

शर्तें –

(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहला और अंतिम अवयव) के लिए कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।

(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित संख्या-प्रतीक समूह के लिए कूट क्या है?

$ 3 1 ^ 5

Ans
- ✗ A. A F S D L
- ✓ B. L F S D A
- ✗ C. L S S D A
- ✗ D. A F F D L

Q.32 किसी निश्चित तर्क के अनुसार 21 का संबंध 64 से है। उसी तर्क के अनुसार, 24 का संबंध 73 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 34 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 112
- ✓ B. 103
- ✗ C. 92
- ✗ D. 123

Q.33 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

279 B 52 A 468 C 624 D 438=?

Ans
- ✗ A. 161
- ✗ B. 232
- ✓ C. 217
- ✗ D. 323

Q.34 करण, निशा का भाई है। निशा, राकेश का पुत्र है। राकेश, विक्रम का पिता है। विक्रम, पूजा की पत्नी है। करण का पूजा से क्या संबंध है?

(नाम, जेंडर रूप से तटस्थ हैं)

Ans
- ✗ A. भाई
- ✓ B. पत्नी का भाई
- ✗ C. पत्नी का पिता
- ✗ D. पिता

Q.35 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

1 8 17 28 41 ?

Ans
- ✓ A. 56
- ✗ B. 52
- ✗ C. 120
- ✗ D. 80

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.36 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
17 C 35 A 6 B 18 D 4 = ?

Ans
- ✗ A. 119
- ✗ B. 120
- ✓ C. 118
- ✗ D. 117

Q.37 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. MPT
- ✗ B. TWB
- ✗ C. LOT
- ✗ D. FIN

Q.38 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) F & I Y @ J Y C * A # & K S P $ B M (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
- ✓ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.39 एक निश्चित कूट भाषा में, 'trust the process' को 'zb ac tm' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'I trust you' को 'jk zb mb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'trust' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
- ✗ A. mb
- ✗ B. jk
- ✓ C. zb
- ✗ D. tm

Q.40 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) P E R G T F V N J I O K U Y H K Y T B H R D T V W (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. एक
- ✓ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.41 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक का 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। B किसी विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 3 पर नहीं रहता है। B और F जिन तलों पर रहते हैं उनका योगफल 7 है। C, E के ठीक नीचे रहता है। A सबसे ऊपरी तल पर रहता है। B और D के बीच कितने लोग रहते हैं?

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 3
- ✗ C. 1
- ✗ D. 2

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.42 विकास, बिंदु A से चलना प्रारंभ करके उत्तर की ओर 11 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है, वह फिर दाएँ मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✔ A. 4 km, पूर्व की ओर
- ✘ B. 7 km, पूर्व की ओर
- ✘ C. 7 km, पश्चिम की ओर
- ✘ D. 4 km, पश्चिम की ओर

Q.43 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

EFG–IJK
BCD–FGH

Ans
- ✔ A. JKL–NOP
- ✘ B. JJJ–MNO
- ✘ C. JJJ–NOP
- ✘ D. JKL–MOO

Q.44 एक निश्चित कूट भाषा में, 'JOIN' को '4978' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'COIN' को '2879' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✔ A. 2
- ✘ B. 4
- ✘ C. 9
- ✘ D. 8

Q.45 निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
5 16 22 33 39 50 56 ?

Ans
- ✘ A. 68
- ✔ B. 67
- ✘ C. 64
- ✘ D. 62

Q.46 अंग्रेज़ी वर्णमाला के क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

LNI MOJ NPK OQL ?

Ans
- ✘ A. PSM
- ✔ B. PRM
- ✘ C. PRN
- ✘ D. PSN

Q.47 यदि संख्या 6238571 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✘ A. 0
- ✘ B. 3
- ✔ C. 2
- ✘ D. 1

Q.48 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से GJFC का संबंध YBXU से है। उसी तरीके से VYUR का संबंध NQMJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BEAX का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✔ A. TWSP
- ✘ B. TVRP
- ✘ C. TXRZ
- ✘ D. TWRP

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.49 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 खंभों W, O, K, G और Y में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, किस खंभे की लंबाई सबसे कम है?

कथन:
I. G की लंबाई केवल एक खंभे की लंबाई से अधिक है। W की लंबाई, O की लंबाई से अधिक है।
II. G की लंबाई, Y की लंबाई से अधिक है।

Ans
- ✗ A. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन II में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं हैं।
- ✓ C. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं।
- ✗ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन I में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।

- ✗ A. चार गुना हो जाएगा
- ✗ B. घटकर आधा हो जाएगा
- ✓ C. दोगुना हो जाएगा
- ✗ D. अपरावर्तित रहेगा

Q.75 **निम्नलिखित में से कौन-सा, सतही महासागरीय धाराओं को उत्पन्न करने में प्रत्यक्ष भूमिका नहीं निभाता है?**

Ans
- ✗ A. महासागर के आर-पार बहने वाली पवनें
- ✗ B. महासागरीय सतह का तापमान
- ✓ C. महासागर के ऊपर वर्षा की मात्रा
- ✗ D. पृथ्वी का घूर्णन

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**

GET IT ON Google Play

Q.76 निम्नलिखित में से किस स्थिति में एक अपरिवर्ती बल द्वारा किया गया कार्य शून्य होता है?

Ans
- ✗ A. जब बल, गति की दिशा के समांतर कार्यरत हो
- ✓ B. जब बल, गति की दिशा के लंबवत कार्यरत हो
- ✗ C. जब बल, गति की दिशा से एक न्यून कोण पर कार्यरत हो
- ✗ D. जब बल, विस्थापन की दिशा के विपरीत कार्यरत हो

Q.77 किसी जीव के शरीर के लिए विश्राम की अवधि के दौरान जीवन प्रक्रियाओं को पूरा करना क्यों आवश्यक है?

Ans
- ✗ A. मस्तिष्क के कार्यों को रीसेट करने के लिए
- ✓ B. उत्तरजीविता के लिए शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों को जारी रखना सुनिश्चित करने के लिए
- ✗ C. जनन में तेजी लाने के लिए
- ✗ D. शरीर को आकस्मिक संचलन हेतु तैयार करने के लिए

Q.78 सक्रियता श्रेणी में धातुओं को उनकी अभिक्रियाशीलता के घटते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। वह धातु कौन-सी है, जो सक्रियता श्रेणी के शीर्ष पर स्थित होती है?

Ans
- ✗ A. मैग्नीशियम
- ✗ B. सोडियम
- ✓ C. पोटैशियम
- ✗ D. ऐल्यूमीनियम

Q.79 कोई विद्यार्थी 15 cm फोकस दूरी के उत्तल लेंस के सामने 30 cm दूरी पर एक वस्तु रखता है। लेंस सूत्र के आधार पर, प्रतिबिंब कहाँ बनेगा?

Ans
- ✗ A. लेंस के दूसरी तरफ 45 cm की दूरी पर
- ✗ B. लेंस के दूसरी तरफ 15 cm की दूरी पर
- ✗ C. लेंस के दूसरी तरफ 60 cm की दूरी पर
- ✓ D. लेंस के दूसरी तरफ 30 cm की दूरी पर

Q.80 एक अवतल लेंस की फोकस दूरी 30 cm है। वस्तु को लेंस से कितनी दूरी पर रखा जाना चाहिए ताकि उसका प्रतिबिंब, लेंस से 20 cm की दूरी पर बने?

Ans
- ✗ A. लेंस के पीछे 20 cm
- ✓ B. लेंस के सामने 60 cm
- ✗ C. लेंस के पीछे 80 cm
- ✗ D. लेंस के सामने 40 cm

Q.81 सजीवों के वर्गीकरण की वैज्ञानिक पद्धति अपनाने का कारण निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✗ A.
फसल उत्पादन में सुधार करना
- ✗ B. जीवों की जीवन-अवधि को मापना
- ✓ C. जीवों के नामकरण और समूहन में संभ्रम से बचना
- ✗ D. जीवों में प्रजनन को बढ़ाना

Q.82 समांगी मिश्रण में, किसी शुद्ध ठोस को उसके विलयन से पृथक करने के लिए सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. आसवन
- ✗ B. निस्यंदन
- ✗ C. निस्तारण
- ✓ D. क्रिस्टलीकरण

Q.83 कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है, कि एथेनॉल को एक महत्वपूर्ण ईंधन क्यों माना जाता है?

Ans
- ✗ A. यह दुनिया भर में वाहनों में उपयोग किया जाने वाला एकमात्र द्रव ईंधन है
- ✓ B. यह स्वच्छ तरीके से जलता है और कई पारंपरिक ईंधनों की तुलना में कम धुआं उत्पन्न करता है
- ✗ C. इसका उपयोग मुख्य रूप से खाद्य परिरक्षक के रूप में किया जाता है
- ✗ D. इसका उपयोग मुख्यतः उद्योग में प्लास्टिक बनाने के लिए किया जाता है

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.84 जब श्वेत प्रकाश किसी प्रिज्म के माध्यम से गुजरता है, तो वह एक स्पेक्ट्रम उत्पन्न करता है। यदि लाल प्रकाश का अपवर्तनांक 1.50 है, और बैंगनी प्रकाश का अपवर्तनांक 1.54 है, तो यह प्रिज्म में विभिन्न रंगों के व्यवहार के संबंध में क्या बताता है?

Ans
- ✗ A. दोनों रंग समान रूप से मुड़ते हैं
- ✗ B. लाल प्रकाश, बैंगनी प्रकाश की तुलना में अधिक मुड़ता है
- ✓ C. बैंगनी प्रकाश, लाल प्रकाश की तुलना में अधिक मुड़ता है
- ✗ D.
दोनों रंग बिना मुड़े गमन करते हैं

Q.85 दीर्घस्थायी गर्म वायुमंडल, जल चक्र के भीतर वर्षण पैटर्न को किस प्रकार परिवर्तित कर सकता है?

Ans
- ✓ A. यह अधिक तीव्र और अनियमित वर्षा का कारण बन सकता है
- ✗ B. यह सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त हिमपात का कारण बनेगा
- ✗ C. इसके परिणामस्वरूप विश्व भर में कम वर्षा होगी
- ✗ D. यह सभी क्षेत्रों में सदैव हल्की वर्षा बढ़ाएगा

Q.86 वैज्ञानिक निम्नलिखित में से किस कारणवश सजीवों का वर्गीकरण करते हैं?

Ans
- ✗ A. सभी प्रजातियों का समान होना सुनिश्चित करने के लिए
- ✗ B. जीवों के प्राकृतिक आवास को बदलने के लिए
- ✓ C. जीवों को समानताओं और विभिन्नताओं के आधार पर व्यवस्थित करने के लिए
- ✗ D. सभी जीवों को आनुवंशिक रूप से एकसमान बनाने के लिए

Q.87 परमाणु की द्रव्यमान संख्या की गणना में इलेक्ट्रॉनों को शामिल क्यों नहीं किया जाता है?

Ans
- ✗ A. इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन से भारी होते हैं
- ✗ B. इलेक्ट्रॉन केवल परमाणु के आवेश को निर्धारित करते हैं
- ✓ C. प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों की तुलना में इलेक्ट्रॉनों का द्रव्यमान नगण्य होता है
- ✗ D. इलेक्ट्रॉनों की संख्या प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों से अधिक होती है

Q.88 कौन-सा विभज्योतक, कुछ पादपों के आधार पर स्थित होता है और कटाई के बाद उनके पुनरुद्भवन में सहायता करता है?

Ans
- ✗ A. परिधि विभज्योतक (Girth Meristem)
- ✓ B. अंतर्वेशी विभज्योतक (Intercalary Meristem)
- ✗ C. शीर्षस्थ विभज्योतक (Apical Meristem)
- ✗ D. पार्श्विक विभज्योतक (Lateral Meristem)

Q.89 निम्नलिखित में से कौन-सा सूचक, अम्लीय विलयन में लाल तथा क्षारीय विलयन में नीला हो जाता है?

Ans
- ✓ A. लिटमस
- ✗ B. हल्दी
- ✗ C. मेथिल ऑरेंज
- ✗ D. फीनॉलफ्थेलिन

Q.90 टिंडल प्रभाव के कारण कोलॉइडी मिश्रण की उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए किस विधि का सर्वोत्तम रूप से उपयोग किया जा सकता है?

Ans
- ✗ A. विलायक को वाष्पित करने के लिए मिश्रण को तापित करना
- ✗ B. निस्यंदक पत्र का उपयोग करके मिश्रण का निस्यंदन करना
- ✓ C. मिश्रण के माध्यम से प्रकाश की किरणपुंज गुज़ारना और प्रकीर्णित प्रकाश का अवलोकन करना
- ✗ D. मिश्रण को कई घंटों तक बिना हिलाए-डुलाए स्थिर रख दें

Section : **General Awareness**

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.91 तिरुवनंतपुरम, केरल में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज 2026 में पुरुषों की 400m बाधा दौड़ का खिताब किस एथलीट ने जीता?

Ans
- ✔ A. संतोष कुमार तमिलारासन (Santhosh Kumar Tamilarasan)
- ✘ B. अमित कुमार (Amit Kumar)
- ✘ C. विग्नेश बी (Vignesh B)
- ✘ D. अय्यासामी धरुन (Ayyasamy Dharun)

Q.92 जुलाई 2026 में, रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) ने किस सशस्त्र बल के लिए आकाश तरंग (AKASH TARANG) प्रणाली की खरीद को मंजूरी दी?

Ans
- ✔ A. भारतीय थलसेना (Indian Army)
- ✘ B. भारतीय नौसेना (Indian Navy)
- ✘ C. भारतीय वायु सेना (Indian Air Force)
- ✘ D. भारतीय तटरक्षक (Indian Coast Guard)

Q.93 फरवरी 2026 में, डिजिटल इंडिया भाषिनी (BHASHINI) डिवीजन (DIBD) और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (MoU) का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
- ✘ A. बैंकिंग सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय वित्तीय धोखाधड़ी का पता लगाने और रोकथाम ढांचा विकसित करना
- ✔ B. बहुभाषी बैंकिंग पहुंच को बढ़ाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भाषा AI मॉडल को एकीकृत करना
- ✘ C. बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच निर्बाध अंतरप्रचालनीयता और वास्तविक समय के लेनदेन को सक्षम करने के लिए एक एकीकृत डिजिटल भुगतान गेटवे बनाना
- ✘ D. राष्ट्रव्यापी खुदरा और थोक डिजिटल लेनदेन के लिए एक व्यापक सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) प्लेटफॉर्म विकसित करना

Q.94 केंद्रीय बजट 2026–27 में, निम्नलिखित में से किस संस्थान को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी (National Institute of Hospitality) में अपग्रेड करने का प्रस्ताव रखा गया?

Ans
- ✘ A. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (National Skill Development Corporation)
- ✔ B. राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद (National Council for Hotel Management and Catering Technology)
- ✘ C. भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (Indian Institute of Tourism and Travel Management)
- ✘ D. भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान (Indian Institute of Food Processing Technology)

Q.95 जुलाई 2026 में, किस संगठन ने क्षेत्रीय एआईएम संवाद-नॉर्थ ईस्ट चैप्टर (Regional AIM SUMVAAD–North East Chapter) 2026 का आयोजन किया था?

Ans
- ✔ A. अटल इनोवेशन मिशन (AIM), NITI आयोग
- ✘ B. डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (DRDO)
- ✘ C. नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NSDC)
- ✘ D. इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (ISRO)

Q.96 निम्नलिखित में से किसने 8 जुलाई, 2026 को लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट पिनाका (Pinaka Long Range Guided Rocket) का सफल उड़ान-परीक्षण किया?

Ans
- ✘ A. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड
- ✔ B. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
- ✘ C. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
- ✘ D. भारतीय सेना

Q.97 केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की किस पहल को 'केंद्रीय मंत्रालयों/राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा डिजिटल प्लेटफार्मों में डेटा एनालिटिक्स के उपयोग के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन' की श्रेणी के अंतर्गत ई-गवर्नेंस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार (NAeG) 2026 में स्वर्ण पुरस्कार प्रदान किया गया है?

Ans
- ✘ A. ई-ग्रामस्वराज पोर्टल (e-Gram Swaraj Portal)
- ✘ B. स्वामित्व योजना (SVAMITVA Scheme)
- ✔ C. पंचायत उन्नति सूचकांक (Panchayat Advancement Index)
- ✘ D. ऑडिटऑनलाइन प्लेटफॉर्म (AuditOnline Platform)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.98 सितंबर 2025 में, बच्चों के लिए नगरों को सुरक्षित एवं अधिक अनुकूल बनाने के उद्देश्य से निम्नलिखित में से किस राज्य में "CLAP फॉर चिल्ड्रन" (CLAP for Children) की शुरुआत की गई थी?

Ans
- ✔ A. तेलंगाना
- ✘ B. आंध्र प्रदेश
- ✘ C. कर्नाटक
- ✘ D. महाराष्ट्र

Q.99 फरवरी 2026 में आयोजित, भारत-किर्गिस्तान संयुक्त विशेष बल अभ्यास खंजर (KHANJAR) का 13वां संस्करण किस राज्य में आयोजित किया गया?

Ans
- ✘ A. उत्तराखंड
- ✘ B. सिक्किम
- ✔ C. असम
- ✘ D. अरुणाचल प्रदेश

Q.100 केंद्रीय बजट 2026–27 के अनुसार, बायो-फार्मा शक्ति (SHAKTI) योजना को _________ के परिव्यय के साथ प्रस्तावित किया गया है।

Ans
- ✘ A. पांच वर्षों में ₹8,000 करोड़
- ✘ B. पांच वर्षों में ₹15,000 करोड़
- ✘ C. पांच वर्षों में ₹12,000 करोड़
- ✔ D. पांच वर्षों में ₹10,000 करोड़

"

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड I सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III

CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

Test Date	09/10/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**

Correct Answer will carry 1 mark per Question.

Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 AB, CD के समानांतर है। एक तिर्यक् छेदी रेखा PQ, AB और CD को क्रमशः E और F पर प्रतिच्छेद करती है, और ∠PEB = 38° है। G, AB और CD के बीच स्थित एक बिंदु इस प्रकार है कि ∠BEG = 24° और ∠GFE = 29° है। ∠EGF की माप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 21°
- ✗ B. 47°
- ✗ C. 27°
- ✓ D. 33°

Q.2 मार्च के महीने में, शनिवार और रविवार के अतिरिक्त, एक विक्रेता द्वारा कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 116 है। रविवारों को कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 126 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 121 है, तो शनिवारों को कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री कितनी है?

Ans
- ✗ A. 143
- ✓ B. 139
- ✗ C. 138
- ✗ D. 135

Q.3 132 cm × 12 cm माप वाली कागज की एक आयताकार शीट को उसकी लंबाई के अनुदिश मोड़कर एक बेलन बनाया जाता है। इस प्रकार निर्मित बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 16632 cm^3
- ✗ B. 16326 cm^3
- ✗ C. 16362 cm^3
- ✗ D. 16623 cm^3

Q.4 निम्नलिखित आंकड़े मार्च महीने में एक सप्ताह के लिए शहर X का तापमान (°C में) दर्शाते हैं। प्रत्यक्ष विधि द्वारा तापमानों का समांतर माध्य (°C में) ज्ञात कीजिए।
अभिलिखित तापमान: 32.3, 34.5, 33.1, 32.7, 35.3, 33.2, 34.1

Ans
- ✗ A. 32.8
- ✗ B. 33.4
- ✗ C. 33.8
- ✓ D. 33.6

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.5 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\tan A}{1-\sqrt{\operatorname{cosec}^2 A - 1}} + \frac{\cot A}{1-\sqrt{\sec^2 A - 1}}$$

Ans

✗ A. $1 - \tan A + \cot A$

✓ B. $1 + \tan A + \cot A$

✗ C. $1 + \tan A - \cot A$

✗ D. $1 - \tan A - \cot A$

Q.6 यदि k का 20%, 20 के 1800% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 1710

✗ B. 1730

✓ C. 1750

✗ D. 1790

Q.7 टॉमी और अर्थर की वर्तमान आयु का योगफल 50 वर्ष है। चार वर्ष पहले, अर्थर की आयु उस समय टॉमी की आयु की आधी थी। टॉमी की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?

Ans

✗ A. 37

✗ B. 28

✓ C. 32

✗ D. 39

Q.8 एक खुदरा विक्रेता किसी वस्तु पर 3y% और 15% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप 28% की एकल समतुल्य छूट प्राप्त होती है। y का मान ज्ञात कीजिए। (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans

✗ A. 6

✗ B. 4

✗ C. 7

✓ D. 5

Q.9 तीन नल X, Y तथा Z, एक टंकी को क्रमशः 15 मिनट, 12 मिनट और 20 मिनट में भर सकते हैं। यदि Y को सदैव खुला रखा जाता है जबकि X और Z को, X से शुरू करते हुए एकांतर रूप से एक-एक घंटे के लिए खोला जाता है, तो टंकी भरने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 7 घंटे

✗ B. 6 घंटे

✗ C. 8 घंटे

✗ D. 5 घंटे

Q.10 पाइप C एक टैंक को 10 घंटे में भर सकता है और पाइप D उसे 15 घंटे में भर सकता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टैंक को भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans

✗ A. 8

✗ B. 10

✓ C. 6

✗ D. 5

Q.11 एक समलंब चतुर्भुज की समांतर भुजाएं 18 cm और 12 cm हैं। समलंब चतुर्भुज की ऊंचाई दोनों समांतर भुजाओं की लंबाई के औसत के बराबर है। समलंब चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 220 cm^2

✗ B. 212 cm^2

✗ C. 200 cm^2

✓ D. 225 cm^2

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.12 निम्नलिखित में से सबसे छोटे अनुपात का चयन कीजिए।

A- 5 : 7
B- 4 : 5
C- 9 : 10
D- 3 : 4

Ans

❌ A. C

❌ B. B

❌ C. D

✅ D. A

Q.13 एक व्यक्ति 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर ₹10,000 निवेश करता है। 3 वर्ष बाद मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans

❌ A. ₹11,200.50

✅ B. ₹11,576.25

❌ C. ₹12,000

❌ D. ₹11,000

Q.14 यदि $x^2 + \frac{1}{x^2} = 23$ है, तो $\frac{4x}{5x^2 - 3x + 5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

❌ A. $\frac{1}{5}$

✅ B. $\frac{2}{11}$

❌ C. $\frac{21}{10}$

❌ D. $\frac{11}{3}$

Q.15 एक दुकानदार कुल ₹12,000 में 6 एकसमान मोबाइल फोन खरीदता है। इसके पश्चात वह उनमें से 2 मोबाइल फोन को कुल ₹10,000 में बेच देता है। बेचे गए फोनों पर उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans

❌ A. 153%

❌ B. 148%

❌ C. 152%

✅ D. 150%

Q.16 राहुल अपनी साइकिल द्वारा 8 km/hr, 10 km/hr और 15 km/hr की चाल से तीन बराबर दूरियां तय करने में कुल 2 घंटे 27 मिनट का समय लेता है। उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी (km में) ज्ञात कीजिए।

Ans

❌ A. 28.5 km

❌ B. 27.5 km

❌ C. 27.2 km

✅ D. 25.2 km

Q.17 2520 m की एक वृत्तीय रेस में, सिद्धार्थ 90 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है और यश 45 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि वे विपरीत दिशाओं में दौड़ रहे हैं, तो परिधि पर कितने भिन्न मिलन बिंदु (meeting points) होंगे?

Ans

✅ A. 3

❌ B. 9

❌ C. 13

❌ D. 12

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.18 6-अंकीय संख्या 2A683B, 3 से विभाज्य है। (A+B) का न्यूनतम संभव मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 11
- ✗ B. 8
- ✓ C. 2
- ✗ D. 5

Q.19 किसी कक्षा को तीन वर्गों A, B और C में विभाजित किया गया है।
वर्ग A में 25 छात्र हैं, जिनके औसत अंक 70 है।
वर्ग B में 35 छात्र हैं, जिनके औसत अंक 60 है।
वर्ग C में 40 छात्र हैं।
यदि सभी 100 छात्रों के संयुक्त औसत अंक 63 है, तो वर्ग C के लिए औसत अंक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 58.25
- ✗ B. 64.25
- ✗ C. 67.25
- ✓ D. 61.25

Q.20 एक वस्तु का क्रय मूल्य ₹800 है। इसे 15% के लाभ पर बेचा जाता है। वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. ₹920
- ✗ B. ₹880
- ✗ C. ₹900
- ✗ D. ₹850

Q.21 किसी वृत्त पर क्रमागत रूप से चार बिंदु A, B, C और D इस प्रकार हैं कि C, A के ठीक सम्मुख है तथा D, B के ठीक सम्मुख है। निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?

Ans
- ✗ A. AC = BD
- ✗ B. AD = BC
- ✓ C. AC = CD
- ✗ D. AB = CD

Q.22 यदि X और $\left(20-4\sqrt{24}\right)^{-\frac{1}{2}}$ का माध्यानुपाती $\frac{1}{2}\sqrt{10+4\sqrt{6}}$ है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\sqrt{5+2\sqrt{6}}$
- ✗ B. $\sqrt{5+2\sqrt{3}}$
- ✗ C. $\sqrt{5-\sqrt{6}}$
- ✗ D. $\sqrt{5-2\sqrt{3}}$

Q.23 एक धनराशि को 2 वर्षों के लिए वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश किया जाता है। x% की वार्षिक ब्याज दर पर, मिश्रधन ₹24,200 हो जाता है। यदि वार्षिक ब्याज दर (x + 10)% है, तो मिश्रधन ₹28,800 हो जाता है। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 15
- ✓ B. 10
- ✗ C. 20
- ✗ D. 5

Q.24 एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 8% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 4 वर्ष के लिए निवेश करता है। 4 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 76900
- ✗ B. 18400
- ✓ C. 75900
- ✗ D. 19400

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.25 5, 10 और 15 से विभाज्य सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 45
- ✗ B. 60
- ✗ C. 20
- ✓ D. 30

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 6 * % 1 + 8 @ 3 ^ $

कूट X Z C E H K N Q T W

शर्तें –

(i) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहला और अंतिम अवयव) के लिए कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।

(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित संख्या-प्रतीक समूह के लिए कूट क्या है?

1 8 + 6 $

Ans
- ✗ A. E K H X W
- ✗ B. E H H X W
- ✓ C. W K H X E
- ✗ D. W K K X E

Q.27 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।

E, ऐसे किसी तल पर रहता है जिसका क्रमांक एक अभाज्य संख्या है। E और A के तलों के क्रमांकों का गुणनफल 8 है। B, F के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। A और C के तलों के क्रमांकों का योगफल 7 है। A और B के तलों के क्रमांकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 9
- ✓ B. 10
- ✗ C. 8
- ✗ D. 11

Q.28 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FACE' को '6348' के रूप में तथा 'CAKE' को '6734' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 7
- ✗ B. 3
- ✗ C. 6
- ✗ D. 4

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.29 P, Q, R, S, T, U और V एक ही इमारत के सात अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 7 है। R, सम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है। R और U के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। T, V के ठीक ऊपर वाले तल पर लेकिन Q के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है। R और S के तल क्रमांकों का योगफल 10 से अधिक है। एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विन्यास में S का संबंध तल क्रमांक 5 से उसी प्रकार है, जिस प्रकार Q का संबंध तल क्रमांक 3 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, T का संबंध निम्नलिखित में से किस तल क्रमांक से है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 2
- ✗ C. 1
- ✗ D. 6

Q.30 **निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।**
(बाएं) M B Y Q U Z S H C E R A K T D O F X I G W (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद भी एक स्वर है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✓ D. एक

Q.31 एक निश्चित कूट भाषा में, 'cup drama tale' को 'fi gh qf' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ear tale mask' को 'pq dy fi' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'tale' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
- ✗ A. pq
- ✗ B. qf
- ✗ C. gh
- ✓ D. fi

Q.32 किसी निश्चित तर्क के अनुसार, 24 का संबंध 192 से है। उसी तर्क के अनुसार, 19 का संबंध 152 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 32 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 226
- ✗ B. 216
- ✓ C. 256
- ✗ D. 236

Q.33 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

10 B 5 D 24 A 4 C 8 = ? D 8

Ans
- ✗ A. 40
- ✓ B. 60
- ✗ C. 50
- ✗ D. 70

Q.34 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से IHEF का संबंध BAXY से है। उसी तरीके से XWTU का संबंध QPMN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SROP का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. LJGI
- ✗ B. LLGP
- ✓ C. LKHI
- ✗ D. LKGI

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.35 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

5 - 16 ÷ 4 + 12 × 3 = ?

Ans
- ✔ A. 80
- ✘ B. 95
- ✘ C. 90
- ✘ D. 85

Q.36 यदि ‘ + ’ और ‘ ÷ ’ को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा ‘ - ’ और ‘ x ’ को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में ‘?’ के स्थान पर क्या आएगा?

195 + 3 x 22 - 6 ÷ 117 = ?

Ans
- ✘ A. 51
- ✔ B. 50
- ✘ C. 57
- ✘ D. 43

Q.37 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ A. IE−FB
- ✘ B. QM−NJ
- ✔ C. NJ−JI
- ✘ D. EA−BX

Q.38 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

24 12 12 18 36 ?

Ans
- ✔ A. 90
- ✘ B. 75
- ✘ C. 85
- ✘ D. 80

Q.39 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

8 10 13 18 25 ?

Ans
- ✔ A. 36
- ✘ B. 31
- ✘ C. 37
- ✘ D. 33

Q.40 LANGUID शब्द के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार निर्मित नए अक्षर-समूह में, बाएं से तीसरे अक्षर और दाएं से पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✘ A. 12
- ✘ B. 16
- ✘ C. 14
- ✔ D. 13

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.41 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) P O U S I K J Y H B V F T E B G T E X E H Y (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✗ C. एक
- ✓ D. दो

Q.42 सात व्यक्ति, A, B, C, D, X, Y तथा Z उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल X बैठा है। C तथा D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. A
- ✗ B. B
- ✗ C. X
- ✓ D. Z

Q.43 यदि MARKET शब्द के सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो मूल शब्द की तुलना में कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✓ D. एक

Q.44 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 खंभों W, O, K, G और Y में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, किस खंभे की लंबाई सबसे कम है?

कथन:
I. Y की लंबाई, O की लंबाई से कम है। G की लंबाई, W की लंबाई से कम है।
II. G की लंबाई, Y की लंबाई से अधिक है।

Ans
- ✗ A. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन I में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✓ B. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं हैं।
- ✗ C. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं।
- ✗ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन II में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Q.45 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. LM - PR
- ✗ B. AB - EG
- ✓ C. JH - KM
- ✗ D. XY - BD

Q.46 रोहित बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 10 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 12 km ड्राइव करता है, फिर से बाएं मुड़कर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 15 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़कर 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. 4 km पूर्व की ओर
- ✗ B. 3 km पूर्व की ओर
- ✗ C. 4 km पश्चिम की ओर
- ✓ D. 3 km पश्चिम की ओर

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.47 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

AZ, BY, CX, DW, ?

Ans
- ✗ A. FV
- ✗ B. FU
- ✓ C. EV
- ✗ D. EU

Q.48 S, G का भाई है। G, U का पिता है। H, M का पिता है। M, U का पुत्र है। H का S से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पति
- ✗ B. भाई की पत्नी का भाई
- ✓ C. भाई की पुत्री का पति
- ✗ D. बहन का पति

Q.49 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चयों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

RVR–NRN
SWS–OSO

Ans
- ✗ A. LOJ–GKG
- ✓ B. LPL–HLH
- ✗ C. LPL–GLG
- ✗ D. LOJ–HLH

Q.50 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 स्तंभों, A, B, D, I और Y में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा स्तंभ सबसे ऊंचा है?

(I) D केवल एक स्तंभ से ऊंचा है। I, B से छोटा है लेकिन A से ऊंचा है।
(II) I, Y से ऊंचा है।

Ans
- ✗ A. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
- ✗ B. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ C. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
- ✓ D. कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Section : **General Science**

Q.51 जब भिन्न द्रव्यमानों वाले दो पिंडों को समान दर से त्वरित किया जाता है, तो न्यूटन के द्वितीय नियम के अनुसार उन पर लगने वाले बलों के संबंध में क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

Ans
- ✗ A. जब त्वरण नियत होता है, तो बल द्रव्यमान पर निर्भर नहीं करता है।
- ✓ B. द्रव्यमान अधिक होने के कारण भारी पिंड अधिक बल का अनुभव करता है।
- ✗ C. दोनों पिंड समान बल का अनुभव करते हैं क्योंकि त्वरण समान है।
- ✗ D. तेजी से गतिमान होने के कारण हल्का पिंड अधिक बल का अनुभव करता है।

Q.52 गोलीय दर्पणों के संदर्भ में, ध्रुव पर अभिलंब और मुख्य अक्ष के बीच क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. मुख्य अक्ष, ध्रुव पर दर्पण के पृष्ठ के साथ 45-डिग्री का कोण बनाता है
- ✗ B. मुख्य अक्ष, ध्रुव पर दर्पण के पृष्ठ की स्पर्शरेखा होती है
- ✓ C. मुख्य अक्ष, ध्रुव पर दर्पण के पृष्ठ के लंबवत होता है
- ✗ D. मुख्य अक्ष, ध्रुव पर दर्पण के पृष्ठ के समांतर होता है

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.53 एक वनस्पति विज्ञानी किसी फसली पादप को आनुवंशिक रूप से संशोधित करने का प्रयास कर रही है ताकि उसकी लंबाई और क्षति के बाद मरम्मत क्षमता बढ़ाई जा सके। पादप को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उसे पादप के किस ऊतक को बेहतर बनाने पर फोकस करना चाहिए?

Ans

✔ A. विभज्योतक को बेहतर बनाने पर फोकस करना चाहिए क्योंकि यह वृद्धि और पुनर्जनन को प्रेरित करता है

✘ B. बाह्यत्वचीय ऊतक को बेहतर बनाने पर फोकस करना चाहिए क्योंकि यह रोगजनकों से बचाता है

✘ C. संवहन ऊतक को बेहतर बनाने पर फोकस करना चाहिए क्योंकि यह पोषक तत्वों और जल का परिवहन करता है

✘ D. भरण ऊतक को बेहतर बनाने पर फोकस करना चाहिए क्योंकि यह भोजन का भंडारण करता है

Q.54 निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना, ऋतुस्राव (menstruation) की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होती है?

Ans

✘ A. अंडाशय (Ovary)

✘ B. डिंबवाहिनी नली (Fallopian tube)

✔ C. गर्भाशय (Uterus)

✘ D. यकृत (Liver)

Q.55 उत्तल दर्पणों का कौन-सा गुणधर्म उन्हें सुरक्षा उद्देश्यों के लिए शॉपिंग मॉल में उपयोग के लिए उपयुक्त बनाता है?

Ans

✘ A. वे प्रकाश को समानांतर किरणों में परावर्तित करते हैं।

✘ B. वे प्रतिबिंब का आवर्धन करते हैं।

✘ C. वे छवि को व्युत्क्रमित करते हैं।

✔ D. वे देखने का एक विस्तृत क्षेत्र प्रदान करते हैं।

Q.56 जल की तुलना में भूमि के शीघ्र ठंडा होने के कारण, रात के समय सामान्यतः कौन-सी स्थानीय पवन चलती है?

Ans

✘ A. समुद्र समीर

✘ B. मानसून

✘ C.
पश्चिमी पवनें

✔ D. थल समीर

Q.57 एक गेंद को एक निश्चित ऊँचाई से गिराया जाता है और वह 4 सेकंड तक गुरुत्वाकर्षण के अधीन मुक्त रूप से गिरती है। 4 सेकंड के बाद गेंद का वेग क्या होगा? ($g = 10\ m/s^2$ लीजिए)

Ans

✘ A. 20 m/s

✔ B. 40 m/s

✘ C. 80 m/s

✘ D. 10 m/s

Q.58 टेरिडोफाइट की कौन-सी विशेषता उन्हें सीमित आर्द्रता वाले स्थलों पर ब्रायोफाइट की तुलना में बेहतर ढंग से जीवित रहने में सहायता करती है?

Ans

✘ A. केवल संपूर्ण पादप काय में प्रत्यक्ष रूप से जल का अवशोषण

✘ B.
वास्तविक जड़ों, तनों और पत्तियों की अनुपस्थिति

✔ C.
जल और पोषक तत्वों के परिवहन के लिए संवहनी ऊतकों की उपस्थिति

✘ D. नर युग्मकों के संचलन के लिए जल पर निर्भरता

Q.59 किसी विज्ञान परियोजना के लिए विद्यार्थियों को किसी भारी वस्तु को कम से कम आयास बल के साथ उठाने के लिए प्रथम-श्रेणी के लीवर को समायोजित करने की आवश्यकता होती है। किस समायोजन से उन्हें सबसे अधिक यांत्रिक लाभ प्राप्त होगा?

Ans

✘ A.
लोड को आलंब से यथासंभव दूर रखना

✘ B.
लोड के वजन पर विचार किए बिना आलंब को ठीक केंद्र में रखना

✘ C. लोड भुजा को छोटा रखते हुए आयास भुजा की लंबाई को न्यूनतम करना

✔ D. लोड भुजा को लंबा रखते हुए आयास भुजा की लंबाई को अधिकतम करना

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.60 वर्षा के पश्चात इंद्रधनुष तब दिखाई देता है जब सूर्य का प्रकाश वायु में जल की बूंदों से होकर गुजरता है। इंद्रधनुष में रंगों के पृथक दिखाई देने का मुख्य कारण निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया है?

Ans
❌ A. जल की बूंदों द्वारा सूर्य के प्रकाश का अवशोषण
❌ B. वर्षा की बूंदों की सतह से सूर्य के प्रकाश का परावर्तन
✔ C. जल की बूंदों में सूर्य के प्रकाश का अपवर्तन और उसके बाद परिक्षेपण
❌ D. वायु के अणुओं द्वारा सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन

Q.61 लोहे में संक्षारण या जंग लगने के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ क्या हैं?

Ans
❌ A. केवल आर्द्रता
✔ B. आर्द्रता और वायु/ऑक्सीजन दोनों
❌ C. केवल उच्च तापमान
❌ D. केवल वायु/ऑक्सीजन

Q.62 परिसंचरण के दौरान जब रूधिर फेफड़ों से होकर गुजरता है, तो कौन-सी प्रक्रिया होती है?

Ans
❌ A. अपशिष्ट हटाने के लिए रूधिर निस्यंदित किया जाता है
❌ B. कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित हो जाती है और ऑक्सीजन मुक्त हो जाती है
❌ C. पोषक तत्व रूधिर में अवशोषित कर लिए जाते हैं
✔ D.
ऑक्सीजन अवशोषित हो जाती है और कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त हो जाती है

Q.63 एक विद्यार्थी 4 kg की गाड़ी को धक्का देता है, जिससे उसका वेग 2 सेकंड में 2 m/s से परिवर्तित होकर 6 m/s हो जाता है। गाड़ी पर प्रयुक्त बल का परिमाण कितना होगा?

Ans
❌ A. 4 N
❌ B. 16 N
✔ C. 8 N
❌ D. 2 N

Q.64 कृषि क्षेत्रों में स्थानीय पवन पैटर्न से निम्नलिखित में से कौन-सा कारक प्रत्यक्षतः प्रभावित नहीं होता है?

Ans
❌ A. मृदा तापमान का विनियमन
❌ B. संवातन के माध्यम से फसल के स्वास्थ्य के लिए सहायता
❌ C. खेत के नमी के स्तर पर नियंत्रण
✔ D. फसलों के बाह्य विशिष्ट लक्षण

Q.65 किशोरों में तंबाकू के उपयोग को कम करने के लिए कौन-सी रणनीति सबसे प्रभावी है?

Ans
✔ A. कार्यशालाओं के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के संबंध में बताना
❌ B. सामान्य जानकारी वाले पर्चे वितरित करना
❌ C. बिना स्पष्टीकरण के ग्राफिक प्रतिबिंब दिखाना
❌ D. विद्यार्थियों के लिए खेल उपकरण उपलब्ध कराना

Q.66 2 kg द्रव्यमान के एक पिंड को 5 m की ऊंचाई पर रखा गया है। इसकी स्थितिज ऊर्जा ____________ है। ($g=10\ m/s^2$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
❌ A. 50 J
✔ B. 100 J
❌ C. 10 J
❌ D. 5 J

Q.67 इलेक्ट्रोलाइट मिलाकर कोलाइडल कणों को नीचे बैठाने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?

Ans
❌ A. पेप्टीकरण (peptisation)
✔ B. स्कंदन (coagulation)
❌ C. अपोहन (dialysis)
❌ D. पायसीकरण (emulsification)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.68 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, मिश्रण और विलयन के संबंध में कोलॉइड के गुण का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans ✔ A. कोलॉइड प्रकाश को प्रकीर्णित करता है लेकिन स्थिर रखने पर तली में बैठता नहीं है।

✘ B. कोलॉइड का निस्यंदन करने पर वह परतों में पृथक हो जाता है।

✘ C. कोलॉइड न तो प्रकाश का प्रकीर्णन करता है और न ही स्थिर रखने पर तली में बैठता है।

✘ D. कोलॉइड स्थिर रखने पर तली में बैठ जाता है परंतु प्रकाश का प्रकीर्णन नहीं करता है।

Q.69 करोटि (skull) के आधार से एक लचीला दंड (flexible column) विस्तारित होता है जिसे ________ कहते हैं।

Ans ✘ A. अक्ष दंड (Axis column)

✔ B. कशेरुक दंड (Vertebral Column)

✘ C. शीर्षधर दंड (Atlas column)

✘ D. उरोस्थि दंड (Sternum column)

Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन यह स्पष्ट करता है कि सूक्ष्मदर्शी के विकास ने जैविक वर्गीकरण प्रणालियों में परिवर्तनों में किस प्रकार योगदान दिया?

Ans ✘ A. इसने वैज्ञानिकों को केवल दृश्य लक्षणों का उपयोग करके जीवों को वर्गीकृत करने में सक्षम किया।

✘ B. इसने जीवों को पृथक जगत में वर्गीकृत करने की आवश्यकता को कम कर दिया।

✔ C. इसने वैज्ञानिकों को पहले से अज्ञात सूक्ष्मजीवों का प्रेक्षण और पहचान करने की सुविधा प्रदान की।

✘ D. इसने सभी जीवों के या तो पादपों से संबंधित होने या जंतुओं से संबंधित होने की पुष्टि की।

Q.71 वायुमंडल, पृथ्वी पर जीवन के लिए उपयुक्त तापमान बनाए रखने में किस प्रकार सहायता करता है?

Ans ✘ A. यह संपूर्ण ऊष्मा को तीव्रता से अंतरिक्ष में जाने देता है

✘ B. यह सतह तक पहुंचने वाली संपूर्ण ऊष्मा को रोक देता है

✘ C. यह सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करके ग्रह को ठंडा करता है

✔ D. यह आने वाले सौर विकिरणों को आंशिक रूप से अवशोषित कर लेता है

Q.72 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि उत्कृष्ट गैसों की संयोजकता शून्य क्यों होती है?

Ans ✘ A. क्योंकि वे किसी भी स्थिति में आयन नहीं बना सकते हैं

✘ B. क्योंकि उनके बाह्य कोश में अभिक्रिया करने के लिए कोई इलेक्ट्रॉन नहीं होता है

✔ C. क्योंकि उनका बाह्यतम कोश पहले से ही पूर्ण और स्थायी होता है

✘ D. क्योंकि वे आवर्त सारणी में सबसे छोटे परमाणु होते हैं

Q.73 सी-सॉ प्रकार के झूले (seesaw) में, उठाने में सरलता के लिए आलम्ब (fulcrum) के सापेक्ष भार (लोड) का स्थान क्या होना चाहिए?

Ans ✘ A. आलम्ब जिस बिंदु पर है, ठीक उसी बिन्दु पर

✘ B. आलम्ब से आयास की दूरी के समान दूरी पर

✘ C. आलम्ब से यथासंभव दूर

✔ D.
आलम्ब के निकट

Q.74 दीर्घ स्थायी उच्च रक्तचाप से, _______ का जोखिम बढ़ सकता है।

Ans ✘ A. बेहतर रक्त परिसंचरण

✔ B. हृदय रोग और आघात

✘ C. ऑक्सीजन उत्पादन में वृद्धि

✘ D. तेजी से भोजन पाचन

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.75 जलीय विलयनों में अम्लों और क्षारकों के व्यवहार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही कथनों का चयन कीजिए।

(I) अम्ल, जलीय विलयन में H^+ आयन उत्पन्न करते हैं।
(II) क्षारक, जलीय विलयन में OH^- आयन उत्पन्न करते हैं।
(III) विलयन की अम्लीय प्रकृति, OH^- आयनों की उपस्थिति के कारण होती है।
(IV) विलयन की क्षारकीय प्रकृति, OH^- आयनों की उपस्थिति के कारण होती है।

Ans
- ✗ A. केवल II और III
- ✗ B. केवल III और IV
- ✓ C. केवल I, II और IV
- ✗ D. केववल I और II

Q.76 दूरी-समय ग्राफ में, दो वाहनों को ऐसी दो रेखाओं से दर्शाया गया है जिनमें से एक समय-अक्ष की ओर आनत एक सीधी रेखा है और दूसरी, बढ़ती अतिप्रवणता (steepness) के साथ एक वक्रित रेखा है। इससे दोनों वाहनों की गति के बारे में क्या पता चलता है?

Ans
- ✓ A. एक वाहन अपरिवर्ती चाल से गतिमान है, दूसरा त्वरित होता है
- ✗ B. दोनों वाहन पूरे समय परिवर्ती चाल से गतिमान हैं
- ✗ C. दोनों वाहन पूरे समय समान चाल से गतिमान हैं
- ✗ D. एक वाहन स्थिर है जबकि दूसरा गतिमान है

Q.77 कौन-सा ऊतक, फर्न के तने की अनुप्रस्थ-काट में पाया जा सकता है, परंतु ब्रायोफाइटा और थैलोफ़ाइटा में अनुपस्थित होता है?

Ans
- ✗ A. मूल रोम
- ✗ B. पर्णहरित
- ✓ C.
संवहनी पूल
- ✗ D. पर्ण छिद्र

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है, कि ऑटोमोबाइल में पेट्रोल की तुलना में एथेनॉल को मार्जक ईंधन (cleaner fuel) क्यों माना जाता है?

Ans
- ✗ A. पेट्रोल की तुलना में एथेनॉल का भंडारण और परिवहन अधिक कठिन होता है
- ✗ B. एथेनॉल इंजन के पुर्ज़ों में अधिक संक्षारण का कारण बनता है
- ✗ C. पेट्रोल की तुलना में एथेनॉल में प्रति ग्राम अधिक ऊर्जा होती है
- ✓ D. दहन के दौरान एथेनॉल से कम हानिकारक उत्सर्जन होता है

Q.79 कोई खनन कंपनी एक नए अयस्क की खोज करती है जिसमें सक्रियता श्रेणी के शीर्ष वाली एक धातु है। वे इस धातु को दक्षतापूर्वक और मितव्ययी रूप से निष्कर्षित करना चाहते हैं। उन्हें किस निष्कर्षण विधि का उपयोग करना चाहिए?

Ans
- ✗ A. वायु में भर्जन
- ✗ B. कोक के साथ कार्बन अपचयन
- ✓ C. गलित अयस्क का विद्युत-अपघटन
- ✗ D. सायनाइड के साथ निक्षालन

Q.80 कोई रसायनज्ञ एक ऐसे यौगिक का निर्माण कर रहा है जिसमें सोडियम (Na), क्लोरीन (Cl) और ऑक्सीजन (O), सूत्र $NaClO_3$ के अनुसार सम्मिलित हैं। यदि परमाणु द्रव्यमान, Na = 23 u, Cl = 35.5 u, और O = 16 u हैं, तो $NaClO_3$ के सूत्र इकाई द्रव्यमान (formula unit mass) की गणना कीजिए।

Ans
- ✗ A. 119.5 u
- ✗ B. 87.5 u
- ✓ C. 106.5 u
- ✗ D. 74.5 u

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.81 कौन-सा आवेशित कण, किसी तत्व का परमाणु क्रमांक निर्धारित करता है?

Ans
- ✗ A. संपूर्ण परमाणु का द्रव्यमान
- ✗ B. नाभिक में उपस्थित न्यूट्रॉन
- ✓ C. नाभिक में उपस्थित प्रोटॉन
- ✗ D. बाह्यतम कोश में इलेक्ट्रॉन

Q.82 जब कोई गेंद किसी ऊंचाई से मुक्त रूप से गिरती है, तो ऊर्जा संरक्षण के नियम के अनुसार उसकी स्थितिज और गतिज ऊर्जा पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
- ✗ A. दोनों ऊर्जाएं तुरंत ऊष्मा के रूप में नष्ट हो जाती हैं।
- ✗ B. स्थितिज ऊर्जा बढ़ती है और गतिज ऊर्जा घटती है।
- ✗ C. दोनों ऊर्जाएं एक ही समय पर कम हो जाती हैं।
- ✓ D. स्थितिज ऊर्जा घटती है और गतिज ऊर्जा बढ़ती है।

Q.83 यदि एक साइकिल चालक 'T' घंटे में 'D' किलोमीटर की दूरी तय करता है, तो औसत चाल का सही सूत्र कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. औसत चाल = D x T
- ✗ B. औसत चाल = T/D
- ✓ C. औसत चाल = D/T
- ✗ D. औसत चाल = D - T

Q.84 घासस्थल खाद्य जाल में, यदि खरगोश जैसे प्राथमिक उपभोक्ताओं की समष्टि में भारी कमी आ जाए, तो निम्नलिखित में से क्या होने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans
- ✗ A. अधिक चराई के कारण घास की समष्टि में कमी हो जाएगी।
- ✗ B. अधिक शिकार उपलब्ध होने के कारण शीर्ष परभक्षियों की समष्टि में वृद्धि हो जाएगी।
- ✗ C. अधिक मृत पदार्थ होने के कारण अपघटकों की समष्टि में वृद्धि हो जाएगी।
- ✓ D. भोजन की उपलब्धता कम होने के कारण द्वितीयक उपभोक्ताओं की समष्टि में कमी हो जाएगी।

Q.85 किसी तत्व के दो समस्थानिक हैं, जिनकी द्रव्यमान संख्याएं 35 और 37 है। दोनों समस्थानिकों में कौन-सा गुणधर्म समान रहता है?

Ans
- ✗ A. न्यूट्रॉनों की संख्या
- ✗ B. द्रव्यमान संख्या
- ✓ C. प्रोटॉनों की संख्या
- ✗ D. परमाणु द्रव्यमान

Q.86 एक विद्युत मोटर 250 W पर रेटेड है। एक भौतिकी प्रयोग में, इसका उपयोग एक लोड को उठाने के लिए किया जाता है जिसमें 7500 J कार्य होता है। इस संदर्भ में रेटिंग (rating) क्या इंगित करती है?

Ans
- ✗ A. मोटर 30 सेकंड के लिए 250 N बल अनुप्रयुक्त करती है
- ✗ B. मोटर कार्य करने के लिए 250 J ऊर्जा संचित करती है
- ✓ C. मोटर पूर्ण शक्ति पर 30 सेकंड में 7500 J कार्य कर सकती है
- ✗ D. मोटर कभी भी, अधिकतम केवल 7500 J ही कार्य कर सकती है

Q.87 यदि किसी खुले फ्लास्क में अभिक्रिया होती है, और प्रेक्षित द्रव्यमान में कमी हो जाती है, तो द्रव्यमान संरक्षण के नियम के अनुसार सबसे सही स्पष्टीकरण कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. कुछ द्रव्यमान ऊर्जा में परिवर्तित हो गया है
- ✗ B. अभिक्रिया के पश्चात अभिकारक हल्के हो जाते हैं
- ✓ C. कोई गैस फ्लास्क से बाहर निकल गई है
- ✗ D. द्रव्यमान संरक्षण का नियम अमान्य है

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**

GET IT ON Google Play

Q.88 एक छात्र, बिंदु X और Y के बीच, कॉपर के तार को प्लास्टिक के धागे से प्रतिस्थापित करके प्रयोग में संशोधन करता है, जबकि अन्य सभी परिस्थितियाँ समान रहती हैं। कम्पास की सुई के संबंध में प्रत्याशित अवलोकन क्या होगा और क्यों?

Ans
- ✗ A. धागे और आलंब के बीच घर्षण के कारण कम्पास की सुई बहुत कम विक्षेपित होगी।
- ✗ B. प्लास्टिक में प्रतिरोध बढ़ने के कारण कम्पास की सुई अधिक तीव्रता से विक्षेपित होगी।
- ✗ C. प्लास्टिक, कॉपर की तुलना में दुर्बल चुंबकीय क्षेत्र बनाता है, इसलिए कम्पास की सुई कम विक्षेपित होगी।
- ✓ D. कम्पास की सुई विक्षेपित नहीं होगी क्योंकि प्लास्टिक विद्युत का चालन नहीं करता है और इसलिए कोई चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न नहीं होगा।

Q.89 धावन सोडा (washing soda) का रासायनिक सूत्र क्या है?

Ans
- ✗ A. NaCl
- ✗ B. $NaHCO_3$
- ✓ C. $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$
- ✗ D. $CaCO_3$

Q.90 निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

a. मिश्रधातु बनाकर लोहे में जंग लगने से रोका जा सकता है।
b. स्टेनलेस स्टील मुख्य रूप से लोहे, क्रोमियम और निकैल की मिश्रधातु है।
c. मिश्रधातु दो या दो से अधिक धातुओं का एक विषमांगी मिश्रण होता है।

Ans
- ✗ A. केवल a
- ✗ B. b और c
- ✓ C. a और b
- ✗ D. a और c

Section : **General Awareness**

Q.91 मई 2026 में, 61वीं अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी - ला बिएननेल डि वेनेज़िया (La Biennale di Venezia) में प्रस्तुत प्रदर्शनी 'जियोग्राफ़ीज ऑफ डिस्टेंस: रिमेम्बरिंग होम (Geographies of Distance: Remembering Home)' को निम्नलिखित में से किसके द्वारा क्यूरेट किया गया था?

Ans
- ✗ A. रंजनी शेट्टार
- ✗ B. बोस कृष्णामाचारी
- ✓ C. डॉ. अमीन जाफर
- ✗ D. अलवर बालासुब्रमण्यम

Q.92 AI-संचालित साइबर सुरक्षा जोखिमों से निपटने के लिए, SEBI ने मई 2026 में किस समर्पित कार्यबल का गठन किया था?

Ans
- ✓ A. साइबर-सुरक्षा.एआई (cyber-suraksha.ai)
- ✗ B. साइबर रक्षक (Cyber Rakshak)
- ✗ C. एआई शील्ड इंडिया (AI Shield India)
- ✗ D. सुरक्षित बाजार मिशन (Secure Markets Mission)

Q.93 जून 2026 में, किस टूर्नामेंट में अपना फाइनल ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करने के बाद एथन वाज (Ethan Vaz) भारत के 96वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने?

Ans
- ✗ A. टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट (Tata Steel Chess Tournament)
- ✗ B. प्राग मास्टर्स (Prague Masters)
- ✗ C. रेक्जाविक ओपन (Reykjavik Open)
- ✓ D. साराजेवो जीएम मिक्स टूर्नामेंट (Sarajevo GM Mix Tournament)

Q.94 निम्नलिखित में से किस संगठन ने, जुलाई 2026 में "स्ट्रेटेजिक रोडमैप फॉर मेकिंग आयुर्वेद ग्लोबल" शीर्षक वाली रिपोर्ट लॉन्च की?

Ans
- ✗ A. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)
- ✓ B. नीति आयोग
- ✗ C. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC)
- ✗ D. आयुष मंत्रालय

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**

GET IT ON Google Play

Q.95 सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा जारी "चिल्ड्रेन इन इंडिया 2025 (Children in India 2025)" शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार, शिशु मृत्यु दर (IMR) 2011 में प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 44 से घटकर 2023 में कितनी हो गई?

Ans ✔ A.
प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 25

✘ B.
प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 30

✘ C.
प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 15

✘ D.
प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 35

Q.96 वर्ष 2025 में भारत के किस राज्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी-मुक्त ग्रामीण योजना (पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण पंचायत विकास योजना) को लांच किया है?

Ans ✘ A. उत्तर प्रदेश

✘ B. उत्तराखंड

✔ C. राजस्थान

✘ D. बिहार

Q.97 अप्रैल 2026 में मनाए गए, 63वें राष्ट्रीय समुद्री दिवस समारोह की थीम क्या थी?

Ans ✔ A. समुद्री भारत, प्रगति को सशक्त बनाना (Maritime India, Empowering Progress)

✘ B. विकसित भारत के लिए नीली अर्थव्यवस्था (Blue Economy for Viksit Bharat)

✘ C. सतत समुद्र, समृद्ध राष्ट्र (Sustainable Seas, Prosperous Nation)

✘ D. भारत के समुद्री भविष्य को सुदृढ़ बनाना (Strengthening India's Maritime Future)

Q.98 जनवरी 2026 में, DRDO ने __________ के विकास के लिए एक एक्टिवली कूल्ड स्क्रैमजेट इंजन का दीर्घकालिक ग्राउंड परीक्षण सफलतापूर्वक किया।

Ans ✘ A. मानवरहित लड़ाकू हवाई वाहनों

✘ B. बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणालियों

✘ C. पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान

✔ D. हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों

Q.99 अप्रैल 2026 में, निम्नलिखित में से किसने पुस्तक 'टाइड्स ऑफ टाइम: भारत'स हिस्ट्री थ्रू म्यूरल्स इन पार्लियामेंट (Tides of Time: Bharat's History through Murals in Parliament)' का विमोचन किया?

Ans ✘ A. द्रौपदी मुर्मू

✘ B. हरिवंश नारायण सिंह

✔ C. सी.पी. राधाकृष्णन

✘ D. जगदीप धनखड़

Q.100 फरवरी 2026 में, खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026, निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में आयोजित किए गए थे?

Ans ✔ A. जम्मू और कश्मीर

✘ B. अरुणाचल प्रदेश

✘ C. उत्तराखंड

✘ D. हिमाचल प्रदेश

"

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play